नई दिल्ली
सोमवार 17 अगस्त 2026
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 30, अंक : 119
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33.0°C
न्यून. 27.0°C

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

11 यूरोपीय एथलेटिक्स चैंपियनशिपः ब्रिटिश रिले टीमों का दबदबा, एमी हंट ने जीता गोल्ड

महिला आरक्षण पर पीएम मोदी का विपक्ष से आह्वान : राजनीति लड़ाई न बनाएं, 33 फीसदी आरक्षण जल्द से जल्द करें सुनिश्चित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण को जल्द लागू करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से मिलकर आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को देश की नीतियां बनाने और शासन की दिशा तय करने में अधिक से अधिक भूमिका मिलनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण के मुद्दे को राजनीतिक टकराव का विषय न बनाने की अपील करते हुए दलों से आग्रह किया कि वे इस ऐतिहासिक पहल का श्रेय लेने की होड़ के बजाय महिलाओं ⏩ शेष पेज 10 पर

नीति निर्माण में महिलाओं की निर्णायक भूमिका पर जोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की विकास यात्रा में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे में देश की नीतियों और कानूनों के निर्माण में भी उनकी भागीदारी उसी अनुपात में बढ़नी चाहिए। उन्होंने राजनीतिक दलों से कहा कि वे आगे आएं और यह सुनिश्चित करें कि लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को ⏩ शेष पेज 10 पर

2023 में पारित हुआ था महिला आरक्षण कानून

संसद ने सितंबर 2023 में संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम, 2023, जिसे सामान्यतः नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा जाता है, पारित किया था। इसके तहत लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में लगभग एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। हालांकि इस आरक्षण को लागू करने के लिए संविधान में निर्धारित प्रक्रिया के ⏩ शेष पेज 10 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

नौसैनिक समेत परिवार के 4 लोगों के शव मिले

मुंबई। मुंबई के अति-सुरक्षित नेवी नगर इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां नौसैनिक, उनकी पत्नी और दो मासूम बच्चों (3 साल और 2 महीने के शिशु) के शव मिलने से हड़कंप मच गया है।

एफडीएः शाहरुख, अजय और टाइगर को नोटिस

मुंबई। महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आरोप है कि तीनों अभिनेताओं द्वारा किया जा रहा इलायची का विज्ञापन वास्तव में प्रतिबंधित पान मसाला का परोक्ष प्रचार करता है।

15 अगस्त पर वंदे मातरम के कथित अपमान पर गरमाई राजनीति

शाह बोले- महापाप हुआ, सोनिया के खिलाफ मंगलुरु में थाने पहुंची भाजपा

अमित शाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के गायन को लेकर शुरू हुआ विवाद अब एक बड़े सियासी संग्राम में बदल गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और सोनिया गांधी पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का घोर अपमान करने का आरोप लगाया है। शाह ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति में कांग्रेस ने वंदे मातरम को भुला दिया था। चालू गान के दौरान सोनिया गांधी द्वारा इसे रुकवाने का इशारा करना एक ऐसा पाप है, जिसे देश की जनता कभी माफ ⏩ शेष पेज 10 पर

आरोप है कि कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय पर वंदे मातरम का गान हो रहा था। चालू गान में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को गान रोकने का कहा था

शाहः कांग्रेस को बंकिमचंद्र की आत्मा और देशवासियों से हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए

खरगे और सोनिया गांधी

- **कांग्रेस का पलटवार-** कहा, असली मुद्दों से ध्यान भटका रही भाजपा, तिल का ताड़ बना रही
- कहा - खरगे की तबीयत खराब थी, वे गिर न पड़े, इसलिए कुर्सी लाने के लिए कहा गया था
- राष्ट्रगीत के पूर्ण संस्करण के गायन को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया गया

सोनिया के खिलाफ भाजपा नेता ने पुलिस को दी शिकायत

सोनिया गांधी के खिलाफ कर्नाटक में स्थित मंगलुरु के उरवा और दिल्ली में आईपी स्टेट पुलिस स्टेशन में शिकायत दी है। भाजपा नेता विकास पुत्तूर कार्यकर्ताओं के साथ उरवा पुलिस स्टेशन पहुंचे और उन्होंने पुलिस को शिकायत सौंपी। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में कांग्रेस कार्यालय में आयोजित ध्वजारोहण समारोह का प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी मौजूद थीं। सोनिया गांधी ने 'वंदे मातरम' को बीच में ही रोकने के लिए कहा था।

बंकिमचंद्र के वंशज बोले बिना शर्त माफी मांगें

कोलकाता। बंगाल के नैहाटी से भाजपा विधायक और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के वंशज सुमित्रो चटर्जी ने वंदेमातरम के अपमान पर सोनिया गांधी से बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। चटर्जी ने सोनिया गांधी के नाम एक लेटर लिखा है। जिसमें उन्होंने खुद को आम नागरिक, देशभक्त और बंकिमचंद्र का सीधा वंशज बताया।

यह सिर्फ ध्यान भटकाने का पैंतराः वेणुगोपाल

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि भाजपा वंदे मातरम के मुद्दे के जरिए असली सवालों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी दफ्तर में पूरा गीत गाया जाना केवल बातचीत और तालमेल की बात थी, कोई विवाद का विषय नहीं। वेणुगोपाल ने अरुणाचल प्रदेश का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अगर देश के सम्मान की ⏩ शेष पेज 10 पर

ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों की बैठक कल, जलवायु और आपदा प्रबन्धन पर होगा विमर्श

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मंगलवार को नई दिल्ली में 12वीं ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों की बैठक की मेजबानी को इंतजाम चाक चौबंद है। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता-2026 के तहत आयोजित होने वाली इस बैठक में सदस्य देशों के बीच पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और आपदा से निपटने की क्षमता बढ़ाने को लेकर व्यापक विचार-विमर्श होगा। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव करेंगे। बैठक से पहले ब्रिक्स सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग आयोजित की जाएगी। इसमें ब्रिक्स एनवायरनमेंट वर्किंग ग्रुप तथा कॉन्टैक्ट ग्रुप ऑन क्लाइमेट चेंज एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट के वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। पर्यावरण मंत्रियों की बैठक इसी व्यापक दृष्टिकोण के तहत सदस्य देशों के बीच पर्यावरणीय सहयोग को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी। ⏩ शेष पेज 10 पर

चार प्राथमिक क्षेत्रों पर रहेगा भारत का फोकस

भारत ने अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान ब्रिक्स एनवायरनमेंट वर्किंग ग्रुप के तहत चार प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता दी है। इनमें पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं।

पहला-सतत जीवनशैली और वनीकरण

इसके तहत पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने के साथ वन क्षेत्र बढ़ाने और पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा।

दूसरा-वनाग्नि प्रबंधन और आपदा के प्रति लचीलापन

बढ़ती जलवायु चुनौतियों के बीच जंगलों में लगने वाली आग की रोकथाम, प्रबंधन और उससे होने वाले नुकसान को कम करने के उपायों पर सहयोग बढ़ाने की दिशा में चर्चा होगी। साथ ही विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए देशों की क्षमता मजबूत करने पर भी जोर रहेगा।

तीसरा-सर्कुलर इकोनॉमी

संसाधनों के बेहतर उपयोग, कचरे में कमी, पुनर्चक्रण और संसाधनों के दोबारा इस्तेमाल को बढ़ावा देने वाली चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना भारत की प्राथमिकताओं में शामिल है। ⏩ शेष पेज 10 पर

यूजीसी - नेट : प्रोविजनल आंसर - की जारी, 18 तक आपत्ति का मौका

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की जून 2026 परीक्षा के 84 विषयों की प्रोविजनल आंसर-की रविवार को जारी कर दी। इसके साथ ही उम्मीदवारों को अपने प्रश्नपत्र, रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स और उत्तर-कुंजी देखने तथा किसी उत्तर पर आपत्ति दर्ज कराने का अवसर भी दिया गया है। एनटीए के अनुसार, प्रोविजनल आंसर-की को लेकर चैलेंज विंडो 16 अगस्त से 18 अगस्त की रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी। उम्मीदवारों को प्रत्येक चुनौती दिए गए प्रश्न के लिए 200 रुपये प्रोसेसिंग फीस देनी होगी। फीस जमा करने की अंतिम समय-सीमा भी 18 अगस्त की रात 11:59 बजे है। ⏩ शेष पेज 10 पर

हर आपत्ति के साथ देना होगा प्रमाण

एनटीए ने स्पष्ट किया है कि उम्मीदवार यदि किसी उत्तर को गलत मानते हैं तो ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करते समय उसके समर्थन में दस्तावेजी/प्रामाणिक प्रमाण उपलब्ध कराना होगा। केवल किसी उत्तर को गलत बताना पर्याप्त नहीं होगा।एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया है कि आपत्तियां केवल निर्धारित ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार की जाएंगी। ई-मेल, डाक अथवा किसी ⏩ शेष पेज 10 पर

अंग्रेजी, कॉमर्स और समाजशास्त्र की आंसर-की रोकी गई

इस बार तीन विषयों को लेकर एनटीए ने अलग प्रक्रिया अपनाई है। अंग्रेजी, कॉमर्स और समाजशास्त्र के प्रश्नपत्रों में विभिन्न प्रकार की त्रुटियों को लेकर मिली शिकायतों की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। एजेंसी ने कहा है कि समिति शिकायतों और प्रश्नपत्रों से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जांच कर अपनी सिफारिश देगी। इन सिफारिशों के आधार पर इन तीन विषयों के संबंध में अलग सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी। इसका मतलब है कि इन तीन विषयों के उम्मीदवारों को फिलहाल जारी हुई 84 विषयों ⏩ शेष पेज 10 पर

आंसर-की से उम्मीदवार अपना संभावित स्कोर देख सकेंगे

प्रोविजनल आंसर-की जारी होने के बाद उम्मीदवार अपने रिकॉर्ड किए गए उत्तरों का मिलान एनटीए की उत्तर-कुंजी से कर सकते हैं। इससे उन्हें अपने संभावित अंक का अनुमान लगाने में मदद मिलेगी। हालांकि, प्रोविजनल आंसर-की अंतिम नहीं है। उम्मीदवारों से प्राप्त आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा के बाद एनटीए अंतिम उत्तर-कुंजी तैयार करेगा। परिणाम इसी अंतिम उत्तर-कुंजी के आधार पर तैयार किए जाएंगे।

आज नागपंचमीः रात 12 बजे खुले श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट

'जय श्री महाकाल' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, नागपंचमी पर बना दुर्लभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन। महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित प्रसिद्ध एवं रहस्यमयी श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट रविवार मध्य रात्रि (रात 12 बजे) पूरे विधि-विधान और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ खोल दिए गए। साल में केवल एक बार 24 घंटे के लिए खुलने वाले इस ⏩ शेष पेज 10 पर

नेवल आर्मामेंट इंस्पेक्टर्स ने आयोजित किया समारोह

देश के 'सबसे उम्रदराज' नौसेना पेंशनरों में शामिल एक्सबी डेविड का जबलपुर में किया विशेष सम्मान

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की ओर से भेजा गया प्रशस्ति पत्र व विशेष कैप सौंपी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

भारतीय नौसेना में वर्ष 1948 में अपनी सेवाएं शुरू करने वाले एक्स.बी. डेविड के लिए यह एक अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा, जब उन्हें देश के सबसे उम्रदराज नौसेना पेंशनरों में शामिल होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। नेवल आर्मामेंट इंस्पेक्टर्स, जबलपुर के अधिकारियों एवं स्टाफ द्वारा आयोजित इस गरिमामय समारोह में डेविड के नौसेना के प्रति दिए गए लंबे योगदान और समर्पण की सराहना की गई। डेविड वर्ष 1948 में भारतीय नौसेना में भर्ती हुए थे और 12 वर्षों की समर्पित सेवा के बाद 1960 में सेवानिवृत्त हुए। ⏩ शेष पेज 10 पर

एक्सबी डेविड

पहले इस ऑपरेशन का नाम रखा गया था- ऑपरेशन ट्यूलिप गार्डन, क्योंकि हमला पहलगाम के हरे घास के मैदान पर हुआ था पर सेना प्रमुख को पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर नाम सुझाया था

स्वतंत्रता दिवस की रात 9 बजे 'डीक्लासिफाइड ऑपरेशन सिंदूर' डॉक्यूसीरीज रिलीज

पहलगाम आतंकी हमले के बाद कैसे दिया पाक को करारा जवाब भारत की सख्त नीति और रणनीतिक जवाब की ये पूरी दास्तान

- पाक व पीओजेके के कुल 32 आतंकी ठिकाने चिन्हित किए गए थे
- पर सबसे पहले 9 टारगेट तय किए गए, इनमें 7 पीओजेके में व 2 पाकिस्तान में थे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रात 9 बजे डिस्कवरी चैनल पर 'डीक्लासिफाइडः ऑपरेशन सिंदूर' नामक दो-भाग की विशेष डॉक्यूसीरीज का प्रीमियर किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने इस सीरीज में पहली बार ऑपरेशन पर बात करते ⏩ शेष पेज 10 पर

7 ठिकाने नष्ट करने की जिम्मेदारी सेना को दी गई, दो ठिकाने भारतीय वायुसेना को दिए गए

इन दो ठिकानों में एक मुरीदके पाक में 30 किमी अंदर व दूसरा बहावलपुर 100 किमी अंदर था यानी घर में घुसकर मारना था

दो भागों में बनी डॉक्यूसीरीज

डॉक्यूसीरीज के पहले भाग में इंटेलिजेंस जुटाने, सर्विलांस, मॉक ड्रिल और आम नागरिकों के नुकसान को ना के बराबर करने की योजना को दिखाया गया है। दूसरे भाग में स्ट्राइक के क्षणों, थल, जल व नभ सेना के सटीक तालमेल और रियल-टाइम फैसलों को दर्शाया ⏩ शेष पेज 10 पर


सत्यमेव जयते
পশ্চিমবঙ্গ সরকার
भरोसे के 100 दिन
8 स्तंभ
विकसित पश्चिम बंगाल के निर्माण हेतु
पश्चिम बंगाल में नए अध्याय का
शुभारंभ
उद्योग | स्वास्थ्य | शिक्षा | सुशासन
सशक्तीकरण | सेवा | सुरक्षा | समृद्धि

100 दिन | परिवर्तन एक नज़र में

» उद्योग के 100 दिन

- ₹54,000+ करोड़ का निवेश प्रस्तावित
- ₹5,000 करोड़ के निवेश प्रोत्साहन रूपरेखा
- ₹100 करोड़ से अधिक का निवेश करने वालों के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था
- ₹100 करोड़ का स्टार्टअप फंड। नए उद्यमों व युवाओं के नये सोच को प्रोत्साहन

» स्वास्थ्य के 100 दिन

- 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा' योजना के अंतर्गत ₹5 लाख तक का मुफ्त इलाज
- 'आयुष्मान भारत' योजना के दायरे में 1.43 करोड़ परिवार
- न्यू टाउन में निजी निवेशक समूह की पहल से 2,000 बेड वाले अत्याधुनिक अस्पताल का कार्य प्रारंभ। गरीबों के लिए 1,000 बेड आरक्षित
- उत्तर बंगाल में एम्स व अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल, सुंदरवन एवं जंगलमहल में आधुनिक राज्य सरकारी अस्पताल

» शिक्षा के 100 दिन

- मिड डे मील के बजट में वृद्धि और इस्कॉन के सहयोग से भोजन की गुणवत्ता में सुधार
- पश्चिम बंगाल के विभिन्न पुस्तकालयों की लगभग 35,000 पुस्तकें ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं
- सरकारी एवं बांग्ला माध्यम के विद्यालयों की स्थिति सुधारने हेतु ₹296 करोड़ की आर्थिक सहायता
- सरकारी विद्यालयों में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन स्थापित। 10 लाख से अधिक छात्राओं को 'कन्या रत्न'

» सुशासन के 100 दिन

- 'गुंडा दमन कानून' लागू किया गया है
- 'जनता दरबार' के माध्यम से सीधे मुख्यमंत्री तक शिकायतें दर्ज हो रही है
- राज्य में 'भारतीय न्याय संहिता', 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' एवं 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' लागू
- घूस, रंगदारी (तोलाबाज़ी), अवैध टोल बूथ एवं अवैध शराब कारोबार की शिकायत हेतु टोल-फ्री हेल्पलाइन नम्बर शुरू

» सशक्तीकरण के 100 दिन

- 1.19 करोड़ अन्नपूर्णा उपभोक्ताओं के बैंक खाते में प्रतिमाह पहुँच रहे ₹3,000
- महिलाओं के लिए सरकारी बसों में निःशुल्क यात्रा
- युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के उद्देश्य से आगामी एक वर्ष में 1 लाख सरकारी नौकरियां देने का कार्य प्रारंभ
- सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की घोषणा

» सेवा के 100 दिन

- आवास योजना के अंतर्गत 10 लाख से अधिक लाभार्थियों को प्रत्येक किश्त में ₹60,000 की आर्थिक सहायता प्रेषित
- माँ आहार कैंटीन में मछली-चावल की व्यवस्था
- वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं एवं दिव्यांगजनों की मासिक पेंशन में ₹500 की वृद्धि
- सरकारी अस्पतालों में रोगियों के भोजन का दैनिक बजट ₹56 से बढ़ाकर ₹110 किया गया

» सुरक्षा के 100 दिन

- सीमा सुरक्षा हेतु बीएसएफ को 1,000+ एकड़ भूमि हस्तांतरित
- सड़कों पर 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड' एवं 'पिंक गश्ती दल' की तैनाती
- साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम हेतु प्रत्येक थाने में 'साइबर हेल्प डेस्क'
- प्रत्येक सब-डिवीजन में महिला पुलिस स्टेशन, प्रत्येक थाने में 'महिला सहायता केंद्र'

» समृद्धि के 100 दिन

- कोलकाता में पश्चिम बंगाल का पहला 'अटल इनक्यूबेशन सेंटर' (AIC Techno) शुरू। यह केंद्र युवा उद्यमियों एवं स्टार्टअप्स के विकास हेतु कार्य करेगा
- पारदर्शी ओबीसी आरक्षण ढांचा : 17% अवैध आरक्षण को निरस्त कर 7% न्यायसंगत आरक्षण सुनिश्चित
- 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत राज्यभर में 2 करोड़+ वृक्षारोपण संपन्न
- पुरुलिया, बालूरघाट एवं मालदा में नए एयरपोर्ट तथा कल्याणी में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे की पहल



भरोसे के 100 दिन

विकास के संकल्प के साथ समृद्ध पश्चिम बंगाल के निर्माण का लक्ष्य

नई सरकार | नई दिशा | नया पश्चिम बंगाल

खबर संक्षेप

भारतीय व्यापार महोत्सव ने रचा इतिहासः खंडेलवाल

नई दिल्ली। भारत मंडपम में कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (आईटीपीओ) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित चार दिवसीय भारतीय व्यापार महोत्सव (बीवीएम) 2026 ऐतिहासिक सफलता के साथ संपन्न हुआ। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "वोकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल और आत्मनिर्भर भारत" के विज़न को आगे बढ़ाने वाला देश के सबसे बड़े व्यापारिक आयोजनों में से एक बनकर उभरा। सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि महोत्सव में 23 देशों के 347 विदेशी प्रतिनिधियों, व्यापारियों, निर्माताओं, निर्यातकों, स्टार्टअप्स, निवेशकों, नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, उपभोक्ताओं तथा विदेशी खरीदारों सहित 1 लाख 80 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। महोत्सव के दौरान आयोजित खरीदार-विक्रेता बैठकों, व्यापारिक संवादों, सोर्सिंग चर्चाओं और साझेदारी वार्ताओं के परिणामस्वरूप 5 हजार करोड़ रुपए से अधिक के व्यापारिक अवसर सृजित हुए हैं, जिनके आने वाले महीनों में वास्तविक व्यापारिक सौदों में परिवर्तित होने की संभावना है।

पत्नी की हत्या के मामले में वांछित गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में पत्नी की हत्या के मामले में वांछित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से तमंचा तथा एक कारतूस बरामद हुआ है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी शरवर अली छह जून को भलस्वा डेयरी इलाके में अपनी पत्नी उजमा की हत्या के बाद से फरार था। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर एक टीम ने के.एन. काटजू मार्ग इलाके में कार्रवाई की और अवैध हथियार रखने के आरोप में अली को पकड़ लिया। अधिकारी ने कहा, "सत्यापन और पूछताछ के दौरान हत्या के मामले में उसकी संलिप्तता सामने आई। अवैध हथियार रखने के आरोप में अली के खिलाफ एक अलग मामला भी दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

आरोपी फरार, सीसीटीवी फुटेज वायरल

एमसीडी के सफाई कर्मचारी की चाकू मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी इलाके में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 27 वर्षीय सफाई कर्मचारी की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद उसके कई सहकर्मियों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और परिवार को मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मृतक की पहचान अनिल के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, अनिल पर चाकू से हमला किया गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। हमलावर की पहचान के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। वहीं, इस घटना का कथित सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया मंच पर वायरल हो गया है। कथित फुटेज में पीली टी-शर्ट पहने एक व्यक्ति को अनिल से कुछ दूरी पर इंतजार करते हुए देखा जा सकता है, जबकि इस दौरान अनिल अपना काम करता हुआ नजर आ रहा था। इसके बाद वह व्यक्ति अपनी टी-शर्ट के नीचे पीठ की ओर छिपाकर रखा गया धारदार हथियार निकालता हुआ दिखाई देता है और अनिल की ओर बढ़ता है। कुछ सेकंड तक दोनों के बीच कथित तौर पर कहासुनी होती दिखाई देती है, जिसके बाद वह व्यक्ति दिनदहाड़े अनिल के पेट में चाकू मारता हुआ नजर आता है। कथित फुटेज में कई राहगीरों और एक मोटरसाइकिल सवार को घटनास्थल के पास रुकते हुए देखा जा सकता है, लेकिन इनमें से कोई भी घायल कर्मचारी की मदद के लिए आगे आता नजर नहीं आता। हमले के बाद आरोपी कथित तौर पर मौके से फरार हो गया। इसके बाद अनिल पेट पकड़कर दूसरी जगह की ओर जाने की कोशिश करता दिखाई देता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चाकू लगने की जगह को वह हाथ से दबाए हुए था। कुछ देर बाद वह जमीन पर गिर गया और फिर कोई हलचल नजर नहीं आई। पुलिस ने वायरल हो रहे इस कथित फुटेज की प्रामाणिकता की अभी तक सार्वजनिक रूप से पुष्टि नहीं की है। जांच के तहत पुलिस इलाके से प्राप्त सीसीटीवी रिकॉर्डिंग की भी जांच कर रही है। अनिल के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने शुरुआत में उन्हें फोन कर बताया था कि वह दुर्घटना का शिकार हो गया है। जब वे मौके पर पहुंचे तो उन्हें पता चला कि अनिल को वास्तव में चाकू मारा गया था। परिवार ने दावा किया कि हमला करने से पहले अनिल को पीछे से किसी ने बुलाया था। उन्होंने कहा कि उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और वे यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उसे निशाना क्यों बनाया गया। जांच के तहत फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का दौरा किया और सबूत इकट्ठा किए। इलाके से कई सीसीटीवी फुटेज हासिल किए गए हैं और घटनाओं के क्रम को समझने और आरोपी की पहचान व गतिविधियों का पता लगाने के लिए उनकी जांच की जा रही है। घटना के बाद एमसीडी के कई सफाई कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने अनिल के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और शोक संतप्त परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग की। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि वह अनिल के लिए न्याय की मांग कर रहे सफाई कर्मचारियों के साथ विरोध प्रदर्शन में बैठे थे। उन्होंने आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हत्या के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है और सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है। हम यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि हमले में एक व्यक्ति शामिल था या एक से अधिक। पुलिस की टीम घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने और आरोपी की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं तथा घटनास्थल से अन्य साक्ष्य जुटा रही हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। सफाई कर्मचारियों ने आरोपी के खिलाफ जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए धरना दिया। पुलिस ने कहा कि आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं और जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



परिवार को न्याय दिलाने के लिए धरने पर बैठे आप विधायक

नई दिल्ली। कल्याणपुरी में सरेआम एक सफाईकर्मी की हुई हत्या के विरोध में आप पार्टी के स्थानीय विधायक कुलदीप सिंह धरने पर बैठ गए। इस मामले पर आप प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में सरेआम सफाईकर्मी की हत्या ने एक बार फिर राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। दिल्ली में लगातार बढ़ते अपराधों पर भाजपा की चुप्पी हैरान करने वाली है। चार इंजन की भाजपा सरकार होने के बाद भी दिल्ली की सड़कें असुरक्षित है, आखिर रेखा गुप्ता सरकार कब जागेगी। इस ममाले पर विधायक कुलदीप ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए धरने पर बैठा हुं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं, हत्या-लूट जैसे अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही। उन्होंने कहा कि सरकार मृतक परिवार को मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के साथ ही आरोपी को जल्द गिरफ्तार करे। वहीं निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि सफाई कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान चाकू मारकर हत्या ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि कल्याणपुरी में रविवार सुबह सरेआम चाकू मारकर की गई सफाईकर्मी की हत्या दुखद है। विधायक कुलदीप ने बताया कि सफाई कर्मचारियों के साथ हम लोग धरने पर बैठे हैं, लेकिन सरकार का कोई प्रतिनिधि, जिलाधिकारी या कोई अन्य अधिकारी यहां नहीं पहुंचा है। किसी ने नहीं बताया कि पीड़ति परिवार को क्या मुआवजा दिया जा रहा है। दिल्ली के सभी सफाई कर्मचारी यहां बैठे हुए हैं और जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक बैठे रहेंगे।

सड़क हादसे में अपंग हुए व्यक्ति को दिल्ली न्यायाधिकरण ने मुआवजे का दिया आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने वर्ष 2020 में एक सड़क दुर्घटना में 88 प्रतिशत स्थायी रूप से अपंग हुए 32 वर्षीय एक व्यक्ति को 2.92 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया है। न्यायाधिकरण ने बीमा कंपनी की यह दलील पूरी तरह खारिज कर दी कि पीड़ित ने हेलमेट नहीं पहना था इसलिए वह खुद भी लापरवाही का जिम्मेदार था। न्यायाधिकरण ने स्पष्ट किया कि हेलमेट नहीं पहनने को सहभागी लापरवाही नहीं माना जा सकता। न्यायाधिकरण ने अपने आदेश में कहा कि यातायात नियम का उल्लंघन तब तक सहभागी लापरवाही नहीं माना जा सकता, जब तक कि इस बात का कोई सबूत न हो कि उस उल्लंघन की वजह से ही हादसा हुआ था। नीलमणि चौहान की याचिका पर सुनवाई पीठासीन अधिकारी अभिलाष मल्होत्रा कर रहे थे। रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट के कारण नीलमणि स्थायी रूप से 88 प्रतिशत अपंग हो गए हैं और अब वह जीवनभर बिना सहारे के खड़े होने या चलने में असमर्थ हैं। चौहान की याचिका के अनुसार, 30 दिसंबर 2020 को लापरवाही से चलायी जा रही एक तेज गति कार ने उनके दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। न्यायाधिकरण ने 12 अगस्त के अपने आदेश में कहा कि यह पहले ही रिकॉर्ड पर साबित हो चुका है कि पीड़ित के शरीर का निचला हिस्सा काम नहीं कर रहा है। वह पेशाब करने के लिए भी एक सहायक पर निर्भर हैं क्योंकि वह इसे महसूस नहीं कर सकता है और उसके नियोक्ता ने बयान दिया है कि वे मानवीय आधार पर उसे तब तक वेतन दे रहे हैं जब तक कि इस मामले का फैसला नहीं हो जाता। न्यायाधिकरण ने कहा कि चोटों की प्रकृति को देखते हुए यह स्पष्ट है कि पीड़ित अब कभी भी विपणन कार्यकारी के तौर पर काम नहीं कर पाएंगे, क्योंकि इस काम में काफी भागदौड़ शामिल होती है। उसने कहा कि इसके अलावा, यदि वह कोई दफ्तर में बैठकर करने वाला काम भी करते हैं, तो उसके लिए भी उन्हें हर समय किसी देखभाल करने वाले सहायक की जरूरत होगी। न्यायाधिकरण ने कार चालक रमेश को ₹लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने₹ का दोषी पाया। अदालत ने बीमा कंपनी 'इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड' को भविष्य की कमाई के नुकसान, चिकित्सा उपचार और निजी सहायक के खर्च सहित विभिन्न मदों में ब्याज के साथ 2.92 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करने का निर्देश दिया। न्यायाधिकरण ने बीमा कंपनी की इस दलील को खारिज कर दिया कि पीड़ित हेलमेट नहीं पहनने के कारण लापरवाह था। न्यायाधिकरण ने कहा कि हेलमेट नहीं पहनना मोटर वाहन अधिनियम के तहत एक अपराध जरूर है, लेकिन इसे ऐसी लापरवाह कृत्य नहीं कहा जा सकता जिसकी वजह से दुर्घटना हुई हो। इसके साथ ही न्यायाधिकरण ने बीमा कंपनी के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें दुर्घटना को फर्जी बताया गया था।

लाल बाग में व्यक्ति की हत्या के मामले में उत्तराखंड से दो अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के लाल बाग इलाके में 27 वर्षीय एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने उत्तराखंड से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि मुख्य आरोपी अमन उर्फ मुल्ला (26) और उसके साथी अनुज उर्फ मोनी (20) को एक किराए की कार से यात्रा करते समय छपार टोल नाका के पास से पकड़ा गया। अधिकारियों के अनुसार, अनुज जहांगीरपुरी थाने में दर्ज हत्या के एक अन्य मामले में भी वांछित था। पुलिस ने उनके कब्जे किराए की एक कार और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह घटना 12 अगस्त को आजादपुर की लाल बाग झुग्गी बस्ती में हुई थी। पुलिस को चाकूबाजी और गोलीबारी की सूचना मिली थी। घायल युवक को तुरंत बाबू जगजीवन राम मेमोरियल (बीजेआरएम) अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतक के पेट और पीठ पर गोली लगने के निशान थे, साथ ही उसकी पीठ पर चाकू से वार भी किया गया था। इस संबंध में आदर्श नगर थाने में मामला दर्ज कर जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि आरोपी उत्तराखंड के हरिद्वार की ओर भाग गए हैं। इसके बाद वहां भेजी गई पुलिस टीम ने कई इलाकों में उनकी आवाजाही पर नजर रखी। अधिकारी ने कहा कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने तकनीकी और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर करीब 550 किलोमीटर तक उनका पीछा किया और आखिरकार छपार टोल नाका के पास उन्हें घेरकर पकड़ लिया। जांच के दौरान दूसरे आरोपी की पहचान अनुज के रूप में हुई, जो जहांगीरपुरी में हुई हत्या के एक अन्य मामले में भी वांछित था। पुलिस के अनुसार, लाल बाग (आजादपुर) का निवासी अमन पहले से दर्ज छह आपराधिक मामलों में संलिप्त है और कथित तौर पर 'साहिब सलमानी ब्रदर गैंग' से जुड़ा है। वहीं जहांगीरपुरी निवासी अनुज के खिलाफ पहले से 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

लावारिस हालत में मिली नौ साल की बच्ची को माता-पिता से मिलाया

एजेंसी, नई दिल्ली। उत्तर पूर्व दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में लावारिस हालत में मिली नौ वर्षीय बच्ची की मां का पता लगाकर उसे उसके माता-पिता से वापस मिलाया गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्ची की मां एक थाने में सहायिका के रूप में काम करती है। अधिकारी के अनुसार, सोनिया विहार थाने के कर्मियों को यह बच्ची मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम ने उसकी पहचान जानने के लिए उससे बातचीत की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान लड़की ने पुलिस को बताया कि उसकी मां दिल्ली के एक पुलिस थाने में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती है। हालांकि, वह पुलिस थाने का नाम नहीं बता सकी और न ही अपने निवास के बारे में कोई अन्य जानकारी दे पाई। उन्होंने बताया कि जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विभिन्न पुलिस और सोशल मीडिया समूहों के माध्यम से इस बारे में सूचना प्रसारित की और नजदीकी थानों से संपर्क किया। अधिकारी ने बताया कि तलाश के दौरान बच्ची की मां के शाहदरा थाने में घरेलू सहायिका के रूप में काम करने की जानकारी मिली। वह पहले ही पुलिस से संपर्क कर अपनी बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा चुकी थी। पुलिस ने बताया कि इसके बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्ची को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया।

हाईकोर्ट का मानव तस्करी के आरोपी को अग्रिम जमानत देने से इनकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने मानव तस्करी के मामले में एक आरोपी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। आरोपी पर पीड़िता से जबरन शादी करने का आरोप है। अदालत ने अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज करते हुए टिप्पणी की कि उस पर लगे आरोप गंभीर हैं और इस चरण पर यह नहीं माना जा सकता कि पीड़िता के साथ उसकी शादी वैध तरीके से हुई थी। न्यायमूर्ति मनोज जैन ने 11 अगस्त को दिये आदेश में कहा कि आरोपों की प्रकृति और अभियोजन पक्ष द्वारा मानव तस्करी को लेकर रखे गए तथ्यों पर संज्ञान लेने के बाद प्रतीत होता है कि आवेदक को हिरासत में लेकर पूछताछ करना आवश्यक होगा। अदालत ने कहा कि आरोप 'बेहद गंभीर' और 'चिंताजनक' हैं और आवेदन में कोई दम नहीं है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, दो लोगों ने 17 साल की पीड़िता का यौन उत्पीड़न किया और उसे 30,000 रुपये में आरोपी सुखराम को 'बेच' दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि दो लोगों ने उसका यौन उत्पीड़न किया और उत्तर प्रदेश ले जाकर जबरन उम्रदराज सुखराम से उसकी शादी करा दी। पीड़िता के रिश्तेदार की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण, मानव तस्करी और यौन उत्पीड़न की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और वे हिरासत में हैं, जबकि एक अन्य आरोपी को जमानत दे दी गई क्योंकि उस पर यौन उत्पीड़न का कोई आरोप नहीं था। उन्होंने कहा कि आरोपी, जिसमें याचिकाकर्ता भी शामिल है, ने पीड़िता की कम उम्र और उसकी मानसिक स्थिति का अनुचित लाभ उठाया।

डीएम ने 'नन्हे कदम' क्रैच एवं प्ले एरिया का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। दिल्ली देहात के अलीपुर स्थित बाहरी उत्तरी जिले के जिलाधिकारी कार्यालय परिसम में 80वें स्वतंत्रता दिवस पर छोटे बच्चों की सुविधा के लिए 'नन्हे कदम क्रैच एवं प्ले एरिया' का डीएम विशाखा यादव ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर देशभक्ति और हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस भी मनाया गया। डीएम विशाखा यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिसके बाद अधिकारियों और कर्मियों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी। समारोह में जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मियों के अलावा तहसीलदार, एसडीएम, पटवारी, एसडीएम मुख्यालय तथा दिल्ली सिविल डिफेंस के कर्मचारी मौजूद रहे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी शामिल हुए। जानकारी के अनुसार, बैंक ऑफ बड़ौदा की पहल पर तैयार किए गए इस क्रैच का उद्घाटन जिलाधिकारी विशाखा यादव ने किया। उद्घाटन के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनके साथ खेलती हुई भी नजर आईं। डीएम यादव ने बताया कि क्रैच में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खिलौने और छोटे झूले लगाए गए हैं। इसका उद्देश्य सरकारी काम से जिला कार्यालय आने वाले अभिभावकों को राहत देना है, ताकि उन्हें अपने छोटे बच्चों को लंबे समय तक कार्यालय में साथ बैठाकर इंतजार न करना पड़े।

दिल्ली की मुख्यमंत्री और गुजरात के राज्यपाल ने श्रद्धांजलि अर्पित की

बवाना में मास्टर धनी राम की स्मृति में देशोरी काज आयोजित, भारी तादाद में लोग हुए शामिल

- दिल्ली देहात, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की खापों ने रस्म पगड़ी में भागीदारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के बवाना गांव में रविवार को स्वर्गीय मास्टर धनी राम सहरावत की स्मृति में देशोरी काज आयोजित किया गया। काज में सम्मिलित होने के लिए दिल्ली और आसपास के राज्यों से लोग भारी तादाद में बवाना पहुंचे। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली सरकार के केबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, रविंद्र इंद्राज, सांसद योगेन्द्र चन्दोलिया, सांसद कमलजीत सहरावत, सांसद हनुमान बेनिवाल सहित अनेक राजनीतिज्ञों, प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने काज में आकर मास्टर धनीराम को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दिल्ली देहात, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की खापों ने रस्म पगड़ी में भागीदारी की। मास्टर धनीराम के सुपुत्र सतबीर सहरावत और यशवीर सहरावत ने काज में शामिल होने आये सभी लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा, किसान हित, पंचायत परंपरा और समाजसेवा के प्रति समर्पित मास्टर धनी राम सहरावत का जीवन दिल्ली देहात के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा। समाज के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मास्टर धनी राम को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि समाज को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। काज में खाप और तपों ने झांकियों के साथ नगाड़े बजाते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हेलीकॉप्टरों से पुष्प वर्षा की गई।

'स्वनिधि योजना' का कर्ज कैसे चुकाएंगे रेहड़ी-पटरी वाले

- रेहड़ी-पटरी वालों को हटाने पर उपराज्यपाल को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

'प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना' के तहत ऋण लेकर अपना छोटा कारोबार शुरू करने वाले रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को निर्धारित स्थानों पर कारोबार करने से रोके जाने का मामला अब उपराज्यपाल कार्यालय तक पहुंच गया है। टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य अश्वनी बागड़ी ने दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू को पत्र लिखकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। अश्विनी बागड़ी ने रविवार को बताया कि किंगजवे कैंप जीटीवी नगर थाना मुखर्जी नगर की पुलिस पटरी वालों को तानाशाही तरीके से हटा रही है। बागड़ी ने पत्र में कहा है कि कई स्ट्रीट वेंडरों ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण लेकर रेहड़ी-पटरी का कारोबार शुरू किया है। इसी कारोबार से होने वाली आमदनी से वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के साथ-साथ बैंक का ऋण भी चुका रहे हैं। ऐसे में यदि पुलिस अथवा अन्य एजेंसियों द्वारा उन्हें निर्धारित स्थान पर रेहड़ी लगाने से रोक दिया जाता है, तो उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। अश्विनी बागड़ी ने सवाल उठाया कि 'जब वेंडरों को कारोबार करने ही नहीं दिया जाएगा तो वे स्वनिधि योजना के तहत लिया गया ऋण कैसे चुकाएंगे?' उनका कहना है कि गरीब और छोटे कारोबारियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई योजना का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब लाभार्थियों को कानून के तहत अपने रोजगार को संचालित करने का अवसर भी मिले। उन्होंने उपराज्यपाल से मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर उचित समाधान निकालने और पात्र वेंडरों को राहत देने की मांग की है।

सदस्य बागड़ी ने बताया कि रेहड़ी-पटरी लगाने वाले हजारों छोटे कारोबारी प्रतिदिन की कमाई पर निर्भर हैं। इनके लिए कुछ दिनों तक कारोबार बंद रहना भी घर के राशन, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी खर्चों पर असर डाल सकता है। बागड़ी ने कहा कि ऐसे लोगों को हटाने से पहले उनके वैध दस्तावेजों और निर्धारित वेंडिंग जोन की स्थिति की जांच की जानी चाहिए।

'दिल्ली सरकार ने आठ माह में 100 अटल कैंटीन का लक्ष्य किया पूरा'

25 नई अटल कैंटीन का शुभारंभ पांच रुपये में मिलेगा भरपेट भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि, 16 अगस्त 2026 के अवसर पर पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद और अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति में दिल्ली विश्वविद्यालय के निकट विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन से 25 नई अटल कैंटीन का शुभारंभ किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 25 दिसंबर 2025 को अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर शुरू किए गए 100 अटल कैंटीन के संकल्प को दिल्ली सरकार ने आठ माह में पूरा कर लिया है।

मुख्यमंत्री के अनुसार अब ये कैंटीन यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को भी पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराएगी। दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि अटल कैंटीन केवल सस्ता भोजन उपलब्ध कराने की योजना नहीं, बल्कि दिल्ली को बनाने वाले मेहनतकश हाथों के सम्मान का संकल्प है। समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि गरीबों और श्रमिकों को 5 रुपए में सम्मानजनक भोजन मिलेगा। सांसद मनोज तिवारी ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में 5 नई अटल कैंटीन का उद्घाटन किया और कहा कि यहां 5 रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने आनंद विहार में अटल कैंटीन का उद्घाटन करते हुए कहा कि कैंटीन के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को मात्र 5 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध होगा। वहीं, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष आर्यन मान ने डीयू में अटल कैंटीन का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में विधायक सूर्य प्रकाश खत्री सहित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी व दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अटल कैंटीन में भोजन भी किया और योजना के तहत उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्था का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य है कि देश की राजधानी में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। उन्होंने विशेष रूप से प्रवासी श्रमिकों का उल्लेख करते हुए कहा कि दिल्ली के उद्योग, व्यापार, दुकानें, निर्माण गतिविधियां और अनेक परिवार इन मेहनतकश भाई-बहनों के योगदान से चलते हैं। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उनके प्रति संवेदनशीलता और सम्मान के साथ कार्य करे। उन्होंने कहा कि अटल कैंटीन जैसी योजनाएं सरकार की संवेदनशीलता और सेवा-भावना को धरातल पर उतारने का माध्यम हैं।

अटल कैंटीन संवेदनशीलता और सेवा-भाव का उदाहरण : वेंकैया नायडू

इस अवसर पर पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने कहा कि दिल्ली में 100 अटल कैंटीनों का शुभारंभ अत्यंत सराहनीय पहल है, जिसका उद्देश्य गरीबों, झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों, श्रमिकों और दिल्ली में रोजगार के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले लोगों को सस्ता व पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य योजना नहीं, बल्कि समाज के सबसे जरूरतमंद वर्गों के प्रति संवेदनशीलता और सेवा-भाव का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः की भावना को साकार करते हुए दिल्ली सरकार ने 100 अटल कैंटीन स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया और आज यह संकल्प पूरा हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली सरकार को श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर इस योजना को पूर्ण करने के लिए विशेष रूप से बधाई दी।

यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को मिलेगा पौष्टक भोजन : रेखा गुप्ता

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 100 अटल कैंटीन का लक्ष्य पूरा होना दिल्ली सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह पहल श्रद्धेय अटल की अंत्योदय की भावना और जनसेवा के आदर्शों को समर्पित एक सार्थक श्रद्धांजलि भी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल का जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण और राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा। उन्हीं मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सम्मानजनक और पौष्टिक भोजन से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि आज एक कैंटीन दिल्ली विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के पास भी खोल दी गई है। इस यूनिवर्सिटी एरिया में विद्यार्थी अपना घर-परिवार छोड़कर हॉस्टलों, पीजी रूम्स में रहते हैं। अब जरूरतमंद विद्यार्थी इस कैंटीन में पौष्टिक व सस्ता भोजन खा सकते हैं।

डीटीसी ने महिलाओं को दी राहत

'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' बनवाने की बढ़ाई तारीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की महिलाएं अब 31 अगस्त तक दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) मुफ्त कागजी पिंक टिकट से यात्रा कर सकेंगी। डीटीसी प्रशासन ने महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा के लिए 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' बनवाने के लिए एक्स्ट्रा समय देते हुए इसकी अनिवार्यता की अंतिम तिथि को 31 अगस्त 2026 तक एक बार फिर से बढ़ा दिया है।

डीटीसी द्वारा जारी सकुर्लर के 1 सितंबर, 2026 से पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड अनिवार्य कर दिया जाएगा। यदि 1 सितंबर के बाद किसी महिला यात्री के पास 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' नहीं होगा, तो उन्हें सामान्य टिकट लेकर निर्धारित किराया देना होगा। इसके लिए पहले 16 अगस्त की तारीख निर्धारित थी। फिलहाल कागजी पिंक टिकट जारी करने की मौजूदा व्यवस्था को 31 अगस्त, 2026 तक के लिए और बढ़ा दिया गया है। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य ये सुनिश्चित करना है कि किसी भी पात्र महिला यात्री को स्मार्ट कार्ड न होने के कारण अंतिम समय में परेशानी न हो या वे मुफ्त यात्रा के लाभ से वंचित न रहें।

डीटीसी ने महिला यात्रियों से अपील की है कि वे 31 अगस्त की समयसीमा समाप्त होने का इंतजार न करें। जल्द से जल्द अपना स्मार्ट कार्ड बनवा लें। महिला यात्री अपने नजदीकी पिंक कार्ड वितरण केंद्र पर जाकर अपना स्मार्ट कार्ड बनवा सकती हैं। इसके लिए करीब 75 केंद्र बनाए गए हैं। इसकी सूची डीटीसी की वेबसाइट व सोशल मीडिया हैंडल पर है। कार्ड बनवाने के लिए सरकार द्वारा मान्य पहचान पत्र (जैसे वोटर आईडी, पासपोर्ट आदि या कोई अन्य वैध सरकारी आईडी), पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो की जरूरत होती है। यह डिजिटल व कैशलेस कार्ड एक बार बनने के बाद लंबे समय तक उपयोग में लाया जा सकता है।

रेखा गुप्ता आज करेगी दिल्ली को कचरे से मुक्ति-स्वच्छता अभियान शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली का कचरा मुक्त बनाने व स्वच्छता कार्य को और अधिक चुस्त दुरुस्त बनाने की कवायद में लगे दिल्ली नगर निगम के अभियान को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज सोमवार को शुरू करने जा रही है। निगम द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, महापौर प्रवेश वाही व अन्य की मौजूदगी में निगम का दिल्ली को कचरे से मुक्ति- स्वच्छता अभियान 2026 को विधिवत शुरू करेगी। इस अभियान के तहत सामान्य दिनों से कहीं अधिक कूड़े का निस्तारण किया जाएगा। कोशिश रहेगी की लोगों को अधिक से अधिक तरीके से गीला व सूखा कूड़ा मौके पर ही अलग अलग रखने व कूड़ा वाहन में डालने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सरकारी स्कूलों, सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों के गोदाम में वर्षों से पड़े कूड़े कबाड़े का निपटान, सोसायटियों में एरोबिन सिस्टम स्थापित करने में सहयोग देना, गलियों में समय से झाड़ू लगाना व कूड़ा उठाना, नालियों की सफाई व कूड़ा कम से कम समय में उठाने आदि पर जोर दिया जाएगा।

खबर संक्षेप

सीवर जाम और कूड़ा न उठने से लोग परेशान

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में सीवर जाम पड़े हैं और समय पर कूड़ा न उठने से सड़कों पर कूड़े के ढेर लग गए हैं। अगर बात करें लक्ष्मीनगर विधानसभा की तो यहां के मंडावली इलाका इन दिनों भीषण नागरिक समस्याओं की चपेट में है। नियमित सफाई न होने और सीवर व्यवस्था ठप पड़ने के कारण इलाके की सड़कों पर जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं। सड़कों पर फैला कूड़ा और नालियों से ओवरफ्लो होता गंदा पानी अब राहगीरों और स्थानीय निवासियों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन चुका है। मंडावली के शिव मंदिर मार्ग, गली नंबर एक, दो, तीन,चार और पांच आदि में सीवर जाम पड़े हैं। वहीं रोज कूड़ा न उठाने से सड़कों के किनारे पर कूड़े के ढेर लग गए हैं। बीएसईएस की कॉम्प्लेक्स के सामने तो कई जगह कूड़ा घर बन गए हैं। वैसे तो यहां अवैध रूप से ऑटो पार्किंग बनी हुई है। यहां ऑटो खड़े रहने के कारण वैसे भी सड़क की सफाई नहीं हो पाती है। लोगों ने यहां कई जगह कूड़ा फेंककर छोटे छोटे कूड़ा घर बना दिए हैं। विश्राम स्थल के पास ही कई जगह कूड़ा पड़ा हुआ है। जमा कचरे और सीवर के गंदे पानी से डेंगू, मलेरिया और पेट से जुड़ी बीमारियों का संक्रमण फैलने का डर बढ़ गया है। सीवर लाइनों की नियमित सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे कई दुकानों और मकानों के मुख्य दरवाजे तक पानी भर गया है।

बारिश का पानी सड़कों पर हो रहा है जमा: यादव

नई दिल्ली। मानसून के बीच दिल्ली में जगह-जगह सड़कों और नालियों की खुदाई कर उन्हें अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसके कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो रहा है और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह बात रविवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कही। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण लोगों को जलभराव, ट्रैफिक जाम, टूटी सड़कों और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। कई जगह सड़क, नालों व गलियों में नालियों का निर्माण अधूरा पड़ा है। यादव ने कहा कि त्योहारी सीजन में बाजारों और प्रमुख मार्गों पर लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है, लेकिन सरकार की बिना उचित योजना के की जा रही खुदाई के कारण यातायात जाम, धूल-मिट्टी, जलभराव और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

डीडीए आवास योजना: पहले दिन ही बिक गए आधे से ज्यादा फ्लैट

■ 1,218 में से 661 फ्लैट हुए बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की कर्मजीवी आवास योजना-2026 को लॉन्च होते ही घर खरीदारों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। डीडीए के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर रविवार को शुरू हुई योजना में पहले ही दिन 1,218 फ्लैटों में से 661 फ्लैट बुक हो गए, जो कुल उपलब्ध आवासों का 50 प्रतिशत से अधिक है। वहीं, 1 बीएचके श्रेणी के सभी फ्लैट पूरी तरह बिक गए। उपराज्यपाल एवं डीडीए अध्यक्ष सरदार तरणजीत सिंह संधू के मार्गदर्शन में शुरू की गई इस योजना के तहत नरेला के पॉकेट-11, सेक्टर ए1-ए4 में रेडी-टू-मूव फ्लैट उपलब्ध कराए गए हैं।

इन फ्लैटों पर डीडीए ने 25 प्रतिशत की सीधी छूट दी है। छूट के बाद 1 बीएचके की शुरुआती कीमत 33.40 लाख रुपये, 2 बीएचके की 75.55 लाख रुपये और 3 बीएचके की कीमत 1.065 करोड़ रुपये से शुरू होती है। डीडीए के अनुसार, योजना को खास तौर पर सेवारत एवं सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों तथा कॉरपोरेट, कारोबारी, उद्यमी और पेशेवर वर्ग के लिए आकर्षक बनाया गया है। पहले दिन 1 बीएचके की पूरी बिक्री से किफायती आवास की मांग का अंदाजा लगाया जा सकता है।

डीडीए के मुताबिक योजना में शेष फ्लैटों की बुकिंग फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व आधार पर ऑनलाइन जारी रहेगी। नरेला में डीडीए की आवासीय परियोजनाओं को मिल रहे बेहतर रिस्पॉन्स का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में डीडीए ने कुल 1,284 फ्लैट बेचे, जिससे 1,020 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। इनमें अकेले नरेला में 1,153 फ्लैट बिके, जो कुल बिक्री का करीब 90 प्रतिशत है।

संजीव झा ने एलजी को लिखा पत्र, चावल व दवा घोटाले के दस्तावेज सौंपने के लिए मांगा समय

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी विधायक दल के चीफ व्हीप व वरिष्ठ विधायक संजीव झा ने उपराज्यपाल (एलजी) तरनजीत सिंह संधू को पत्र लिखकर दवा, साइकिल और चावल के तथाकथित घोटाले से जुड़े दस्तावेज सौंपने के लिए समय मांगा है। इस बारे में विधायक संजीव ने कहा कि एलजी तीनों घोटाले की जांच कराएं, ताकि इससे जुड़े तथ्य सामने आए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सके। जनता से जुड़े किसी गंभीर मुद्दे पर आम आदमी पार्टी विपक्ष की जिम्मेदारी पूरी मजबूती के साथ निभा रही। इसलिए हम एलजी से आग्रह करते है कि पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय दिया जाए, ताकि घोटाले से संबंधित जानकारी साझा कर सकें। जानकारी अनुसार पत्र में संजीव झा ने एलजी संधू से कहा कि दिल्ली सरकार से संबंधित साइकिल घोटाले, दवा घोटाले और चावल घोटाले के संबंध में विभिन्न गंभीर तथ्य और विषय हमारे संज्ञान में आए हैं।

पानी माफी योजना : मार्च 2027 तक बढ़ाई गई अवधि, जल मंत्री ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के जल बोर्ड उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए दिल्ली सरकार ने घरेलू और गैर-घरेलू, दोनों श्रेणियों के बकाया पानी के बिलों पर 100 प्रतिशत लेट पेमेंट सरचार्ज (एलपीएससी) माफी की योजना को 31 मार्च 2027 तक बढ़ा दिया है।

जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना की अवधि बढ़ाना सरकार की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें वित्तीय अनुशासन के साथ आम उपभोक्ताओं की परेशानियों और जरूरतों का भी ध्यान रखा जा रहा है। जल मंत्री प्रवेश ने यह भी स्पष्ट किया कि बढ़ाई गई समयसीमा को अनिश्चितकालीन राहत नहीं माना जाना चाहिए। दिल्ली जल बोर्ड के आदेश के अनुसार एलपीएससी माफी की यह सुविधा 31 मार्च 2027 तक ही उपलब्ध रहेगी और इसके बाद कोई और विस्तार नहीं दिया जाएगा।

मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह अंतिम अवसर है। इसके बाद कोई और विस्तार नहीं होगा। इसलिए हर उस उपभोक्ता से अपील है कि जिसका पानी का पुराना बकाया है कि इस अवसर का लाभ उठाएं, मूल राशि जमा करें और इस पुराने मामले को हमेशा के लिए समाप्त करें। दिल्ली जल बोर्ड ने अपने सभी फील्ड कार्यालयों को इस अंतिम निपटान योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि जमा करने पर उपलब्ध 100 प्रतिशत माफी की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, इस योजना से अब तक दिल्ली के 5 लाख 27 हजार 514 घरेलू और गैर-घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके हैं।

एसआईआर प्रक्रिया का आज अंतिम दिन

नई दिल्ली। दिल्ली में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का आज अंतिम दिन है। ऐसे में दिल्ली दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) अशोक कुमार (आईएएस) ने लोगों से आग्रह किया है कि सभी वैध मतदाता अपना गणना फार्म तुरंत भरे और जमा कराएं, क्योंकि आज 17 अगस्त अंतिम दिन है। सीईओ की तरफ से सोशल मीडिया पर विज्ञापन द्वारा लोगों से आग्रह किया जा रहा है। सीईओ अशोक कुमार का कहना है कि आप एक जिम्मेदार मतदाता बनते हुए अपना गणना फार्म आज जरूर जमा कराएं। उन्होंने कहा है कि अभी जिन मतदाताओं ने अपना गणना फार्म जमा नहीं किया है उनके लिए आज अंतिम दिन है इससे चूके नहीं। अपना फार्म भरकर अपने बीएलओ को अवश्य जमा करवा दें। इसके अलावा अगर चाहे तो आप ईआईएमईटी ऐप पर जाकर अपना प्रपत्र ऑनलाइन भी भर सकते है। सीईओ कार्यालय षरा दी गई जानकारी अनुसार 16 अगस्त 2026 रात 8 बजे तक लगभग 66.99 प्रतिशत गणना फार्म जमा हो चुके है।

बुराड़ी की बदहाली को लेकर लोगों ने किया रोड जाम

एलजी सचिवालय ने दिया एक महीने में कार्य समाप्त करने का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बुराड़ी विधानसभा अंतर्गत बुराड़ी का मुख्य 100 फुटा रोड और अन्य कॉलोनियों की बदहाली को लेकर लोगों का गुस्सा एक बार फिर फूटा और रविवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए रोड जाम किया। वॉइस ऑफ बुराड़ी नामक संगठन द्वारा आयोजित विरोध मार्च व चक्का जाम में उमड़ी भीड़ ने जमकर जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बुराड़ी के मुख्य 100 फुटा रोड सहित सभी कॉलोनियों का जल्द से जल्द हालात सुधारने की मांग की है। वॉइस ऑफ बुराड़ी के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस गंभीर मुद्दे पर उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू के सचिवालय में ज्ञापनपत्र देकर 16 सितंबर 2026 तक यानी एक माह में उक्त रोड का कार्य पूरा करने की मांग रखी।

एलजी सचिवालय ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिया गया कि बुराड़ी का मुख्य 100 फुटा रोड सीवर डालने का कार्य एक महीने में समाप्त कर इसे शुरू कर दिया जाएगा। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार और प्रशासन की ओर से तय समय में समयबद्ध एवं ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो यह आंदोलन व्यापक रूप लेते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का घेराव करने पर मजबूर होगा। प्रदर्शनकारियों ने आप विधायक संजीव झा और सांसद मनोज तिवारी से सवाल पूछे की पांच साल से अधिक होने के बाद भी बुराड़ी का मुख्य रोड अधूरा क्यों पड़ा है।

लोगों ने जमकर अपना विरोध निकालते हुए आरोप लगाए कि आप विधायक संजीव झा व भाजपा सांसद तिवारी की आपसी खींचतान व दलगत राजनीतिक लड़ाई का खामियाजा बुराड़ी के बेकसूर लाखों लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क की हालत इस कदर खराब है कि इस पर वाहन तो क्या पैदल चलना भी जान जोखिम में डालने समान है। बरसात के समय बुराड़ी मुख्य रोड़ पर तीन से चार फुट तक पानी भरने से लोग एक तरह से कैद होकर रह जाते है। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वर्ष 2019 में बुराड़ी में सीवर लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ किया । तब से लेकर आज तक लगभग 5 साल से अधिक समय हो चुका है लेकिन बुराड़ी रोड पर चल रहा डीप सीवर डालने का कार्य समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। हालात इस कदर बद से बदतर हो चुकी है कि इस रोड़ पर कई फुट गहरे गड्ढे हो चुके है, उड़ती मिट्टी के चलते प्रदूषण का स्तर हमेशा बदतर बना रहता है। आए दिन गड्ढे में छोटे वाहन पलटने से लोग चोटिल होते रहते है। बुराड़ी रोड पर बने शो रूम व दुकानदारों का काम लगभग चौपट हो चुका है, कई तो बंद कर चुके है।

मुख्यमंत्री ने 'ई-कैबिनेट' पर विशेषज्ञों के साथ की बैठक

'आधुनिक ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करेगी दिल्ली सरकार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार राजधानी में आधुनिक ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) के विशेषज्ञों के साथ बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद रविवार को यह जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि बैठक में ऐसी डिजिटल व्यवस्था पर विचार किया गया, जिसके माध्यम से दिल्ली सरकार की कैबिनेट बैठकों की पूरी प्रक्रिया कागज रहित (पेपरलेस), अधिक सुरक्षित, तेज और पारदर्शी बनाई जा सके। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार प्रशासनिक सुधारों और सुशासन के लिए आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। ई-कैबिनेट जैसी व्यवस्था लागू करने से कैबिनेट बैठकों से जुड़ी पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित की जा सकेगी। इससे निर्णय लेने की गति बढ़ेगी, गोपनीय दस्तावेज़ों की सुरक्षा मजबूत होगी और विभागों के बीच समन्वय भी अधिक प्रभावी बनेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण करना नहीं, बल्कि शासन को अधिक तेज, पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनाना है। तकनीक के माध्यम से लिए गए बेहतर प्रशासनिक निर्णयों का सीधा लाभ दिल्ली के नागरिकों तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट बैठकों के दौरान इस प्रणाली का सुरक्षित उपयोग टैबलेट के माध्यम से भी किया जा सकता है। इससे मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी बैठक के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेज तुरंत देख सकेंगे और निर्णय प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक होगी। इस प्रकार की व्यवस्था का एक बड़ा लाभ यह भी है कि कैबिनेट के किसी भी निर्णय के बाद संबंधित विभागों द्वारा उस पर की जा रही कार्रवाई की लगातार निगरानी की जा सकती है।

'सरकार का लक्ष्य, सरकारी प्रक्रियाएं सरल हों, तेजी से लिए जा सकें निर्णय'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में शासन-प्रशासन में तकनीक का प्रभावी उपयोग समय की आवश्यकता है। दिल्ली सरकार का लक्ष्य ऐसी व्यवस्था विकसित करना है, जिसमें सरकारी प्रक्रियाएं सरल हों, निर्णय तेजी से लिए जा सकें और उनके क्रियान्वयन की लगातार निगरानी भी संभव हो। ई-कैबिनेट प्रणाली के माध्यम से कैबिनेट बैठकों से जुड़े सभी दस्तावेज जैसे कैबिनेट नोट्स, बैठक का एजेंडा, उससे जुड़े संलग्न दस्तावेज (एनेक्सर), कैबिनेट के निर्णय और बैठक की कार्यवाही (मिनट्स), सुरक्षित डिजिटल माध्यम से तैयार, साझा और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाए जा सकेंगे। इससे कागजों पर निर्भरता लगभग समाप्त होगी और पूरी प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनेगी।

गोपनीय जानकारी की सुरक्षा होगी और अधिक मजबूत : रेखा

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रणाली की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें प्रत्येक मंत्री और अधिकारी को उसकी जिम्मेदारी के अनुसार अलग-अलग स्तर की डिजिटल पहुंच दी जा सकती है। मंत्री, मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, विभागीय सचिव जैसे सभी अधिकृत अधिकारी केवल अपनी आवश्यकता के अनुसार संबंधित दस्तावेज देख सकेंगे। इससे गोपनीय जानकारी की सुरक्षा और अधिक मजबूत होगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रस्तावित व्यवस्था में कैबिनेट नोट्स जमा करने, उनकी जांच करने, मंजूरी देने, संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और भविष्य के लिए सुर क्षित रिकॉर्ड के रूप में संरक्षित करने जैसी पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित की जा सकती है। इससे अनावश्यक देरी कम होगी और प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी।

शराब ठेके के विरोध में धरना-प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली देहात के नरेला के सेक्टर-ए9 स्थित बुध बाजार डीडीए मार्केट में संचालित शराब के ठेके को बंद अथवा कहीं दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग को लेकर स्थानीय निवासियों ने परिवार सहित रविवार 16 अगस्त को धरना-प्रदर्शन किया। आर्य समाज नरेला एवं मामूरपुर नरेला के निवासियों की ओर से क्षेत्रवासियों से इस प्रदर्शन में परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में भाग लिया। निवासियों कहना है कि आवासीय एवं बाजार क्षेत्र में शराब का ठेका होने से स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। उनका कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा और सामाजिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए शराब के ठेके को बंद अथवा किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

स्वतंत्रता दिवस विशेषांक-फरीदाबाद









खबर संक्षेप

धूमधाम से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

गुरुग्राम। यहां शिवजी पार्क में ब्राह्मण विकास संगठन ने 80वें स्वतन्त्रता दिवस पर राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहराकर देश को स्वतंत्र कराने वाले शहीदों को याद किया व उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन के अध्यक्ष एडवोकेट राहुल भारद्वाज ने झंडोत्तोलन किया और सभी ने राष्ट्रगान जन गण मन व राष्ट्रगीत वन्देमातरम गाकर झंडे को सलामी दी और शहीदों के नाम पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।
इस मौके पर राहुल भारद्वाज ने भाषण में कहा कि, महान स्वतन्त्रता सेनानी व परतंत्र भारत में देशवासियों को एकता में पिरोकर उनमें राष्ट्रवाद कि भावना का संचार लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने किया। सही मायनों में तिलक सांस्कृतिक व जन आधारित राष्ट्रवाद के जनक थे।
अंग्रेजी शासन के खिलाफ उनकी

चाइनीज मांझे से बाइक सवार की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के दिन एनएच-9 पर मीडिया हाउस के पास चाइनीज मांझे की चपेट में आने से बाइक सवार रवि राज गंभीर रूप से घायल हो गया। धारदार डोर उसकी गर्दन में उलझ गई, जिससे गहरा जख्म हो गया। खून अधिक बहने के कारण उसकी हालत बेहद गंभीर हो गई। जानकारी के मुताबिक, रवि राज नोएडा के अकबरपुर बहरामपुर का रहने वाला था। हादसे के वक्त वह अपने साथी नरेश के साथ बाइक से एनएच-9 से गुजर रहा था। इसी दौरान हवा में लटका मांझा अचानक उसकी गर्दन में फंस गया, तेज धार वाली डोर ने गर्दन को बुरी तरह काट दिया और वह बाइक से गिरकर सड़क पर जा गिरा। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

तिरंगे से सजाया स्कूल परिसर, विद्यार्थियों की देशभक्ति प्रस्तुतियों ने बांधा समां

रॉयल पब्लिक स्कूल वजीरपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस, भारत माता के जय नारों से गूंजा परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य जैसी विविध प्रस्तुतियां दीं

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वजीरपुर स्थित रॉयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का प्रांगण देशभक्ति, उल्लास और तिरंगे के रंगों से सराबोर हो उठा। विद्यालय में राष्ट्रीय पर्व बड़े हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बार काउंसिल हरियाणा के सदस्य एडवोकेट प्रदीप परमार, एडवोकेट एवं सेवानिवृत डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी हरियाणा राजवीर सिंह तंवर व अन्य अतिथियों ने किया।अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। विद्यालय के निदेशक डॉ. विजय सिंह चौहान व अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के साथ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड की सलामी ली गई।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविता, भाषण, नाटक और नृत्य जैसी विविध प्रस्तुतियां दीं। वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंजे परिसर में बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया प्रधानाचार्य डॉ. विजय सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को गुलदस्ता, स्मृति-चिह्न एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न देकर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह में सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्रों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि प्रदीप परमार और निदेशक डॉ. विजय सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को देशप्रेम, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं अतिथियों के बीच लड्डू वितरित किए गए।

तिरंगे की शान में उमड़ा विशाल जनसैलाब, हर हाथ में तिरंगा और हर दिल में हिंदुस्तान

विपुल गोयल के नेतृत्व में फरीदाबाद में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, किया वीर शहीदों को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। खेड़ी पुल से महाराणा प्रताप चौक तक निकली इस विशाल तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में शहरवासी उमड़े। हाथों में तिरंगा लिए उमड़ा जनसैलाब देशभक्ति और राष्ट्रगौरव की भावना से ओतप्रोत नजर आया। यात्रा के पूरे मार्ग पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष गूंजते रहे तथा पूरा फरीदाबाद तिरंगे के रंग में रंगा दिखाई दिया।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा वीरों और शूरवीरों की भूमि है। इस धरती ने देश की रक्षा, सम्मान और अखंडता के लिए अपने असंख्य वीर सपूतों को समर्पित किया है। हरियाणा की मिट्टी में वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति की भावना रची.बसी है। यह तिरंगा यात्रा उन वीर शहीदों को नमन है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि तिरंगा हमारे लिए केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगे के साथ करोड़ों देशवासियों की भावनाएं, देश के प्रति सम्मान और गौरव जुड़ा हुआ है। जब तिरंगा हर हाथ में लहराता है, तो वह देश की एकता और अखंडता का संदेश देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुआ हर घर तिरंगा अभियान देशवासियों को तिरंगे से जोड़ने और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का राष्ट्रव्यापी अभियान बन चुका है।

हमारा संकल्प भारत की एकता अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा करना

फरीदाबाद की धरती पर निकली यह तिरंगा यात्रा उसी राष्ट्रभक्ति और जनभागीदारी की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प है। यह केवल सडकों पर चलने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को याद करने और देशहित के लिए अपनी जिम्मेदारियों का संकल्प लेने का अवसर है। इस यात्रा ने समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में जोडने का कार्य किया और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत किया। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हमारा संकल्प है राष्ट्र प्रथम। देशहित सर्वोपरि है और भारत की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है।

यह लोग उपस्थित रहे

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, अमन गोयल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सचिन ठाकुर, पार्षद मुकेश अग्रवाल, सचिन शर्मा, अजीत रूमा नंबरदार, ज्योति शिलानी, प्रियंका बिष्ट, कर्ण सिंगला, कुलदीप साहनी, पवन यादव, जशवंत सैनी, विधानसभा के सभी मंडलों के अध्यक्ष तृप्ति माला, महेश कुमार, शिव गुप्ता एवं शुभांकित गुप्ता सहित पार्टी के पदाधिकारीगण एवं प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही अजीत नंबरदार, सुरजीत अधाना, मनीष राघव एवं राव राम कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग भी इस भव्य तिरंगा यात्रा में उपस्थित रहे।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर फरीदाबाद में नेताओं ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगाः सीमा त्रिखा

फरीदाबाद। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के मौके पर फरीदाबाद के गुरु तेग बहादुर चौक स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धाजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा एवं कार्यकर्ताओं ने अटल जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा, फरीदाबाद नगर निगम की महापौर श्रीमती प्रवीण बतरा जोशी, पार्षद मनोज नासवा, सत्येंद्र पाण्डेय सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपने सिद्धांतों, राष्ट्रभक्ति और दूरदर्शी सोच से देश को नई दिशा देने का कार्य किया। अटल जी ने राजनीति में रहते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनकी ओजस्वी वाणी, सरल स्वभाव और देश के विकास के लिए किए गए कार्यों

को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके विचार आने वाली पीढियों को भी राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। फरीदाबाद नगर निगम की महापौर प्रवीण बतरा जोशी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन देश सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में देश की एकताए अखंडता और विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।

जल्द ही महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए बड़े शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा

हरियाणा महिला स्वर्णकार संगठन ने एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा महिला स्वर्णकार संगठन द्वारा एक शाम राष्ट्र के नाम पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर-15 कम्यूनिटी सेंटर में किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए विशेष रूप से तीज पर्व का भी कार्यक्रम रखा गया है जिसमें हरियाणा महिला स्वर्णकार संगठन की प्रदेश अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुनीता वर्मा बतौर मुख्य अतिथि थी ।

विशेष रूप से उत्तरप्रदेश से विधायक विनय वर्मा के भाई हरीश वर्मा, हिसार चेयरमैन रीमा सोनी, विकास चेन के डायरेक्टर रामौतार सोनी, स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी रघुनाथ वर्मा, बल्लभगढ़ सुनार समाज के अध्यक्ष कन्हैया लाल वर्मा, हरियाणा सरकार के पूर्व सहायक एडवोकेट जनरल विकास वर्मा, हरियाणा स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुरेश वर्मा, स्वर्णकार समाज के प्रधान सचिन वर्मा एवं गणमान्य पदाधिकारी मौजूद थे।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ अनीता सोनी जिला अध्यक्ष फरीदाबाद एवं सुनार समाज बल्लभगढ़ के अध्यक्ष कन्हैयालाल वर्मा थे । कार्यक्रम में काव्य पाठ देश के मशहूर एवं वरिष्ठ कवि दिनेश रघुवंशी, सुरेंद्र यादवेंद्र बारां राजस्थान अंतराष्ट्रीय हास्य कवि राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय कवयित्री डॉ अनीता सोनी एंव कवि अशोक वर्मा ने किया। सुनीता वर्मा ने कहा कि समाज को आज हरियाणा स्वर्ण कला बोर्ड की जरूरत है जो समाज के हितों की रक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि महाराज अजमीढ़ देव की जयंती प्रदेश स्तर पर राज्य सरकार द्वारा बनाई जाए। समाज की महिलाओं के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करेंगे। जल्द ही महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए बड़े शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। जिला अध्यक्ष डॉ अनीता सोनी ने कहा कि आने वाले समय में समाज की महिलाओं को राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना होगा। समाज में शादी से पूर्व वेडिंग शूट जैसी गतिविधियों का विरोध किया। प्रदेश महासचिव सपना वर्मा एडवोकेट ने कहा कि समाज में बढ़ते पारिवारिक विवादों को कम करने के लिए कानूनी सहायता के साथ उचित काउंसिलिंग भी करने का निर्णय लिया गया।

शरीर से 4 हजार से अधिक गॉलस्टोन्स सफलतापूर्वक निकाले

मिनीमॅली इन्वेसिव लैपरोस्कोपिक प्रक्रिया को सामान्य एनेस्थीसिया देकर केवल 45 मिनट में पूरा किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फोर्टिस एस्कॉट्र्स हॉस्पीटल फरीदाबाद ने 41 वर्षीय मरीज के शरीर से 4000 से अधिक गॉलस्टोन्स सफलतापूर्वक निकाले हैं। एडवांस मिनीमॅली इन्वेसिव तकनीक की मदद से की गई सर्जरी के दौरान निकाले गए गॉलस्टोन्स शहर में अब तक इतनी अधिक संख्या में निकाले गए स्टोन्स के गिने-चुने मामलों में से हैं। उक्त मरीज के मोटापे और अन्य रोगों के चलते उन्हें हाइ.रिस्क क्लीनिकल प्रोफाइल में रखा गया था और वह

ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया, टाइप 2 डायबिटीज मेलाइटस, हाइपरटेंशन तथा एक्यूट किडनी इंजरी समेत अन्य कई स्वास्थ्य समस्याओं से भी जूझ रहे थे। डॉ बी डी पाठक, सीनियर डायरेक्टर, जीआई, मिनीमल एक्सेस एंड बेरियाट्रिक सर्जरी, फोर्टिस एस्कॉट्र्स हॉस्पीटल फरीदाबाद ने मरीज को जनरल एनेस्थीसिया देकर मात्र 45 मिनट में उनकी लैपरोस्कोपिक सर्जरी को पूरा किया। मरीज को जब अस्पताल लाया गया था तो वह पेट में भयंकर दर्द से पीड़ित थे जो पिछले एक सप्ताह के दौरान और भी गंभीर हो चुका था, साथ ही उन्हें उल्टी और गंभीर अपच की भी शिकायत थी।

डायग्नॉस्टिक जांच से उनके गॉलब्लैडर में गंभीर सूजन पायी गई और उसमें हजारों माइक्रोस्कोपिक गॉलस्टोन्स तथा गा बाइलरी स्लज भी था।

कंपनी जरूरतमंद लोगों को चश्मे दान करेगी

स्वतंत्रता दिवस वीकेंड पर लेंसकार्ट की रन फॉर विज़न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

स्वतंत्रता दिवस वीकेंड पर लेंसकार्ट ने वर्चुअल रन इवेंट 'दृष्टि की दौड़—रन फॉर विज़न' आयोजित की। इस अभियान में लेंसकार्ट ऐप पर कदम पूरे करने वाले यूजर्स की ओर से कंपनी जरूरतमंद लोगों को चश्मे दान करेगी।

इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य फिटनेस को सामाजिक योगदान से जोड़ते हुए देश में विज़न केयर की पहुंच बढ़ाना है। जिसमें 20,000 कदम पूरे करने पर एक जोड़ी, 30,000 पर दो, 40,000 पर तीन और 50,000 कदम पूरे करने पर चार जोड़ी चश्मे दान किए जाएंगे। यह दान लेंसकार्ट की गैर-लाभकारी संस्था लेंसकार्ट फाउंडेशन के माध्यम से किया जाएगा। कंपनी के अनुसार, भारत में 35 करोड़ से अधिक लोग विज़न केयर का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। अभियान का उद्देश्य फिटनेस को सामाजिक योगदान से जोड़कर विज़न केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कंपनी के फाउंडर और सीईओ पीयूष बंसल ने इसे बेहतर आई-केयर पहुंच की दिशा में सामूहिक प्रयास बताया।

हरियाली पर्व हमारी समृद्ध सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक

वीर जवानों, स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहूति देकर देश को स्वतंत्र कराया: विधान प्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

80वां स्वतंत्रता दिवस पर्व के अवसर पर गांव पाली के बुद्ध सिंह स्टेडियम में प्रति वर्ष की भांति इस बार भी विशाल कब्बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास व देशभक्ति भाव के साथ मनाया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह के सुपुत्र विधान प्रताप सिंह पहुंचे। जहां गांवों की सरदारी ने विधान प्रताप का पगड़ी बांध कर तथा फूल मालाओं से उनका

स्वागत किया। सर्वप्रथम विधान प्रताप ने स्वतंत्रता दिवस पर देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवानों, स्वतंत्रता सेनानियों तथा उनके परिवारों को नमन करते हुए सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी, साथ ही उन्होंने सभी माताओं, बहनों और बेटियों को हरियाली तीज की भी हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

मंत्री राजेश नागर ने युवाओं से खेलों में रुझान बढ़ाने की अपील की

मंत्री नागर ने युवाओं से कहा कि नशे को ना कहें

हरियाणा की धरती में खिलाड़ी और सैनिकों को मिलता है भरपूर सम्मान: मंत्री राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव की ऐतिहासिक कुश्ती एक बार फिर अपने पूरे रंग में दिखी जब खेल स्टेडियम में आयोजित दंगल में हिंद केसरी कलुआ गुर्जर ने ईरान के पहलवान को चित कर ढाई लाख रुपए का इनाम अपने नाम किया। इसी प्रकार अनाज मंडी में आयोजित दंगल में सबसे बड़ी ढाई लाख की कुश्ती शेरा गुर्जर ने जीती।

दंगल शुरू कराने पहुंचे हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर ने सभी युवाओं से खेलों में रुझान बढ़ाने की अपील की। उन्होंने युवाओं से कहा कि वह सभी प्रकार के नशे को ना कहें और

जिंदगी जीने के लिए खेलों में अपना समय बिताएं। उन्होंने कहा कि आज खेलों को भी करियर के रूप में लिया जा सकता है। हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को देश में सबसे ज्यादा नगद इनाम देती है। पहले तो आप देश के लिए खेल खेलते हैं और बाद में उस खेल में आने वाले भविष्य के खिलाड़ियों को तराशने का काम भी करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की धरती पर खिलाड़ी और सैनिकों को भरपूर सम्मान प्राप्त होता है। मंत्री राजेश नागर ने तिगांव खेल स्टेडियम में आयोजित ऐतिहासिक दंगल को संबोधित किया जिसका संयोजन तिगांव अधाना पट्टी के सरपंच प्रतिनिधि वेद प्रकाश अधाना ने किया। वह यहां अनाज मंडी में तिगांव सरपंच विक्रम प्रताप नागर द्वारा आयोजित दंगल में भी पहुंचे और खिलाड़ियों के हाथ मिलवाकर कुश्ती प्रारंभ करवाई। दोनों जगह पर बड़ी कुश्तियां ढाई-ढाई लाख रुपए की आयोजित हुईं।

इन दंगलों में बड़ी संख्या में पहुंचे कुश्ती प्रेमियों ने एक बार फिर दिखाया कि परंपरागत खेलों के साथ किस दीवानगी से लोग जुड़े हैं।

एसआईआर प्रक्रिया को लेकर मुस्तैद रहे कांग्रेस कार्यकर्ता: जितेन्द्र बघेल

भाजपा पूरे देश में एसआईआर के नाम पर केवल और केवल कांग्रेस पार्टी के वोट काटने का काम कर रही: करण दलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सैक्टर-9 स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में एसआईआर को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा मामलों के सह प्रभारी जितेन्द्र बघेल, एसआईआर के फरीदाबाद-पलवल प्रभारी एवं पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल विशेष रूप से शामिल हुए। वहीं बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने की तथा मंच का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव अशोक रावल ने किया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा मामलों के सह प्रभारी जितेन्द्र बघेल ने मतदाता सूची पुनरीक्षण यानी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। साफ तौर पर कहा है कि भाजपा एसआईआर के जरिए फर्जी वोट बनवाकर या सही मतदाताओं के वोट काटकर चुनावी गड़बड़ी करने का प्रयास कर रही है। एक अगस्त से चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर को लेकर वोटरों की सूची का प्रकाशन किया गया है। बाद जिस भी साथी का गलती से वोट कटा हो तो उसका नया फार्म भरवाकर वोट बनवाए और अगर प्रशासन ने गलत तरीके से वोट को काटा हो तो उसकी आपत्ति दर्ज करवाकर वोट को दोबारा बनवाने का काम करें। क्योंकि भाजपा एसआईआर की आड़ में कांग्रेस के समर्थित लोगों के वोटर चिहिन्त करके काटने में लगी हुई है। बघेल ने जहां कांग्रेस पदाधिकारियों को एकता का पाठ पढ़ाया, वहीं जनता में सक्रिय रहने के लिए भी कहा। कांग्रेस कमेटी के जिन पदाधिकारियों की ड्यूटी विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी के रूप में लगाई गई है, वह अपने-अपने क्षेत्र में मजबूती से काम करते हुए जिला अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपे। एसआईआर के फरीदाबाद-पलवल प्रभारी एवं पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा पूरे देश में एसआईआर के नाम पर केवल और केवल कांग्रेस पार्टी के वोट काटने का काम कर रही है। फरीदाबाद व पलवल लोकसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता चौकन्ने होकर कार्य करें और बीएलए टू की मदद करें।

चिंतन

बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी

आतंकवाद की दुनिया में आजकल बंदूक से पहले विचारधारा पहुंचती है और इसका सबसे आसान निशाना बनते हैं कम उम्र के बच्चे और युवा। इंटरनेट, सोशल मीडिया और ऑनलाइन नेटवर्क ने कट्टरपंथी संगठनों को युवाओं और बच्चों तक पहुंच बनाने का आसान तरीका उपलब्ध करवाया है। इसके जरिये आतंकी और कट्टरपंथी नेटवर्क कम उम्र के बच्चों और युवाओं तक पहुंच बना रहे हैं। ऐसे में बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी हो गया है। यह नजर जासूसी के लिए नहीं, बल्कि उन्हें गलत दिशा में जाने से रोकने के लिए होनी चाहिए। आज का बच्चा इंटरनेट की ऐसी दुनिया में बड़ा हो रहा है, जहां दोस्ती, बातचीत, मनोरंजन और जानकारी के साथ-साथ गलत विचारधाराएं और संदिग्ध नेटवर्क भी मौजूद हैं। किसी अनजान व्यक्ति का संदेश, किसी ऑनलाइन ग्रुप का निमंत्रण या लगातार मिलने वाला भावनात्मक कंटेंट धीरे-धीरे बच्चे की सोच को प्रभावित कर सकता है। हाल के मामलों ने इस खतरे को और गंभीर बना दिया है। बेंगलुरु में पश्चिम बंगाल के 23 वर्षीय युवक आसफुल मलिक की गिरफ्तारी से जुड़े आरोपों में संदिग्ध ऑनलाइन संपर्क और प्रतिबंधित आतंकी संगठन टीटीपी से संबंधों की जांच सामने आई है। उसके अफगानिस्तान जाने की कथित योजना और भारत में हिंसक गतिविधियों के लिए उकसाए जाने की भी जांच हो रही है। यह मामला यह समझने के लिए काफी है कि कट्टरपंथीकरण को केवल बच्चों की समस्या मानना गलत होगा। किशोरों के साथ-साथ 20-25 वर्ष के युवा भी इसके निशाने पर हो सकते हैं। पाकिस्तान आधारित हैंडलरों द्वारा भारतीय युवाओं को सोशल मीडिया के जरिए कथित तौर पर फंसाने की जांच भी इसी खतरे की दूसरी तस्वीर दिखाती है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर, बेरोजगार या किसी तरह की परेशानी से जूझ रहे युवाओं को पहले पैसों और मदद का लालच दिया जाता है। 12 से 25 हजार रुपये जैसी रकम से शुरुआत कर छोटे काम करवाए जाते हैं। पहले फोटो और वीडियो, फिर किसी स्थान की रेकी और आगे चलकर हिंसक गतिविधियों तक पहुंचाने की कोशिश की जाती है। यानी किसी युवा को आतंकी नेटवर्क का हिस्सा बनाने की प्रक्रिया अचानक नहीं होती, बल्कि धीरे-धीरे उसके भरोसे और कमजोरियों का इस्तेमाल किया जाता है। यहीं परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। माता-पिता को बच्चे के मोबाइल की हर गतिविधि पर शक करने के बजाय उसके डिजिटल व्यवहार को समझना चाहिए। निगरानी का मतलब बच्चे की निजता खत्म करना नहीं है। घर में संवाद का ऐसा वातावरण जरूरी है, जहां बच्चा अपनी उलझन, गुस्सा, असहमति और ऑनलाइन अनुभव खुलकर बता सके। स्कूल और कॉलेजों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें डिजिटल साक्षरता, फर्जी जानकारी की पहचान, ऑनलाइन कट्टरपंथी प्रचार और साइबर सुरक्षा के बारे में भी जागरूक करना होगा। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को संदिग्ध ऑनलाइन नेटवर्क पर नजर रखनी होगी। किसी बच्चे के व्यवहार में बदलाव दिखे तो उसे अपराधी मानने के बजाय समझने और मदद करने की कोशिश हो। आज आतंक का खतरा केवल सड़क, सीमा या किसी संदिग्ध ठिकाने पर नहीं है। वह मोबाइल की स्क्रीन के दूसरी तरफ भी हो सकता है। इसलिए बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना अब विकल्प नहीं, समय की जरूरत है।



पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत

विकराल हो रहा जलवायु परिवर्तन संकट

जलवायु परिवर्तन का संकट अब दिनोंदिन जानलेवा होता जा रहा है। दरअसल दुनिया में ऊर्जा की जरूरत पूरा करने के लिए कोयला, तेल और गैस का जो बेतहाशा इस्तेमाल हो रहा है, उससे होने वाले उत्सर्जन से जलवायु लक्ष्यों की पूर्ति असंभव है। तापमान बढ़ोतरी डेढ़ डिग्री सीमित रखने के लिए 2030 तक अपने उत्सर्जन को आधा करने के लक्ष्य की दिशा में कोई कारगर पहल न होने के परिणाम दिनोंदिन और भयावह होते जा रहे हैं। फिर जलवायु परिवर्तन की विभीषिका की रोकथाम के लिए बनी वैश्विक सहमति भी बीते सालों में कमजोर पड़ी है। इसके साथ-साथ वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के स्तर में हो रही बढ़ोतरी ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है।

जलवायु परिवर्तन का संकट अब दिनोंदिन जानलेवा होता जा रहा है। दरअसल दुनिया में ऊर्जा की जरूरत पूरा करने के लिए कोयला, तेल और गैस का जो बेतहाशा इस्तेमाल हो रहा है, उससे होने वाले उत्सर्जन से जलवायु लक्ष्यों की पूर्ति असंभव है। तापमान बढ़ोतरी डेढ़ डिग्री सीमित रखने के लिए 2030 तक अपने उत्सर्जन को आधा करने के लक्ष्य की दिशा में कोई कारगर पहल न होने के परिणाम दिनोंदिन और भयावह होते जा रहे हैं। फिर जलवायु परिवर्तन की विभीषिका की रोकथाम के लिए बनी वैश्विक सहमति भी बीते सालों में कमजोर पड़ी है। इसके साथ-साथ वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के स्तर में हो रही बढ़ोतरी ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि धरती की गर्म सांसों के चलते ऋतुओं की लय बिगड़ती चली जा रही है। हालात इतने खराब हो गए हैं कि जलवायु परिवर्तन से न केवल मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, उसकी सेहत पर आयेदिन खतरा बढ़ता जा रहा है, बच्चों का भविष्य छिनता जा रहा है, वह लोगों में अकेलापन बढ़ा रहा है, महिलाओं पर गंभीर असर डाल रहा है, दुनिया की बहुमूल्य धरोहरों के अस्तित्व के संकट को बढ़ा रहा है, साथ ही वह दुनिया की हजारों पौध-प्रजातियों के घर ही नहीं छीन रहा है बल्कि उन पर विलुप्ति का खतरा भी मंडराने लगा है।

दुनिया के हालिया शोध और अध्ययन इसके जीते-जागते सबूत हैं। वैश्विक तापमान में लगातार हो रही वृद्धि आने वाले समय में आशंकित विकट परिस्थितियों को लेकर चिंतायें बढ़ाती जा रही हैं। सबसे बड़ी चिंता इस बात की है और एक अध्ययन में इस बात का खुलासा भी हुआ है कि यदि तापमान वृद्धि की दर इसी तरह बढ़ती रही तो साल 2085 तक भूमि पर एक तिहाई से ज्यादा जीव आवास यानी एनिमल हैबिटेट जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव (लू) या जंगल में आग लगने जैसी चरम घटनाओं की चपेट में आ सकते हैं। यही नहीं, जलवायु परिवर्तन की रफ्तार यही बरकरार रही तो इस सदी के आखिर तक दुनिया की हजारों पौध-प्रजातियां अपने प्राकृतिक आवास के बड़े हिस्से से न केवल महरूम हो जाएंगी, बल्कि बहुतेरी पौध-प्रजातियों का अस्तित्व ही समाप्त हे जाएगा। यह संकट तेजी से शून्य उत्सर्जन की दिशा में कदम उठाने से इन दुष्प्रभावों को काफी हद तक टाला जा सकता है। जर्मनी की पाट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इंफैक्ट रिसर्च के शोधकर्ताओं का मानना है कि जलवायु परिवर्तन और विशेष रूप से चरम घटनाओं संरक्षण योजना के संदर्भ में अभी भी बहुत कम आंका जा रहा है। यह केवल कई बरसों में तापमान का धीरे-धीरे बदलाव नहीं होगा। कई चरम घटनायें संयुक्त प्रभाव डाल सकती हैं और जैव विविधता के लिए सहकारी खतरे का निर्माण कर सकती हैं। दरअसल दुनियाभर में बढ़ता तापमान अब सिर्फ इंसान और जानवरों के लिए ही नहीं, बल्कि ऋतुओं के लिए भी खतरनाक बनता जा रहा है। धरती के वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों का स्तर आज उस मुकाम पर आ पहुंच गया है जो मानव इतिहास में कभी नहीं रहा। यदि हमने समय रहते कड़े कदम नहीं उठाये, तो दुनिया के संवेदनशील क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाना मुश्किल हो जाएगा और ऋतुचक्र जो मानव सभ्यता के फलने-फूलने का आधार

था, पूरी तरह नष्ट हो जाएगा। जहां तक भारत का सवाल है, हमारी पारंपरिक पहचान उसके विविध ऋतुचक्र से रही है। पर अब यह चक्र टूट रहा है। इसका अहम कारण जलवायु परिवर्तन है। धरती की गर्म सांसों के चलते ऋतुओं की लय बिगड़ती जा रही है। मौसम का यह बदला हुआ मिजाज केवल आंकड़ों तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह अब आम आदमी की जीवन शैली को भी गहरे तक प्रभावित कर बदल रहा है। मानसून का समय अनिश्चित है। बेमौसम वर्षा से फसलें बर्बाद हो रही हैं। नतीजतन कृषि घाटा बढ़ता जा रहा है। सच्चाई यह है कि जलवायु परिवर्तन ने भारत के भौगोलिक पैटर्न को ही बदल दिया है। जो घटनाएं पहले बरसों में एक आध बार होती थीं, वे अब सामान्य यानी आए दिन होने लग गई हैं। राजस्थान और लेह जैसे शुष्क और रेगिस्तानी इलाकों में अब बाढ़ आना आम बात हो गई है। पहाड़ी राज्यों और हिमालयी इलाकों में सालभर तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। इसके दुष्परिणाम स्वरूप ग्लेशियरों के पिघलने और पारिस्थितिक तंत्र के बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया है। निष्कर्ष यह कि अब देश में ऋतुओं का आपस में विलय हो रहा है। सर्दी, गर्मी और बारिश के बीच की स्पष्ट रेखायें अब धुंधली पड़ने लगी हैं। दरअसल तापमान बढ़ोतरी की दर यदि 1.5 डिग्री तक न रोकी गई तो इसकी सबसे ज्यादा बड़ी कीमत भारत को चुकानी होगी। भारत के लगभग 60 करोड़ लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। तापमान बढ़ने से मिट्टी तेजी से सूखने लगेगी। उस दशा में मिट्टी की नमी बरकरार रखने के लिए अधिकाधिक तादाद में भूजल निकालना होगा। परिणामस्वरूप भूजल स्रोत सूखने के कगार पर पहुंच जाएंगे। चूंकि हमारा देश गेहूं व धान का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, ऐसी स्थिति में भूजल के सूखने के चलते गेहूं और धान की फसल पर बुरा असर पड़ेगा। यही नहीं, मत्स्य पालन, बागवानी और पशुपालन पर भी असर पड़े बिना नहीं रहेगा। यहां इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता कि तापमान में एक फीसदी की बढ़ोतरी बादलों में सात फीसदी से ज्यादा पानी भर देगा। नतीजतन बादल फटेंगे और उस दशा में बाढ़ और भूस्खलन की भयावहता का खतरा बढ़ेगा। वैज्ञानिकों की राय है कि ग्लेशियर के पिघलने से भूस्खलन का खतरा बना रहता है। इनके सूख जाने पर गंगा जैसी सदानीरा नदियों के बरसाती नदी के रूप में तब्दील होने और आसन्न जल संकट की विकरालता से कभी भी दो चार होना पड़ सकता है। यदि बीते सालों में किए गए सर्वेक्षणों की मानें तो भारत के 85 फीसदी लोग जलवायु परिवर्तन से चिंतित हैं और 87 फीसदी चाहते हैं कि उसकी रोकथाम के शीघ्र उपाय किए जाने चाहिए। वैश्विक तापमान को अगले सौ वर्षों में डेढ डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं बढ़ने देने का लक्ष्य हासिल कर लेने के बावजूद विश्व के संवेदनशील क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचा पाना आसान नहीं होगा। ऐसी स्थिति में भारत को विभिन्न क्षेत्रों के लिए अपने उत्सर्जन लक्ष्य नए सिरे से तय करने की जरूरत है। जबकि क्लाइमेट ट्रांसपेरेंसी की रिपोर्ट की मानें तो 2030 तक भारत के ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में भी करीब करीब दोगुने की बढ़ोतरी होने की आशंका है। फिर जलवायु परिवर्तन से वेलकम ट्रस्ट और क्लाइमेट ओपिनियन रिसर्च के अध्ययन द्वारा सेहत पर होने वाले भयावह खतरे की चेतावनी ने चिंता को और बढ़ा दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरण की चिंता नहीं रह गया है, बल्कि यह अब लोगों के शरीर, उनकी सांस, उनके बच्चों की सेहत की चिंताओं तक पहुंच गया है। इसलिए जीवन शैली में बदलाव समय की महती आवश्यकता है, तभी हम जलवायु परिवर्तन के दानव से कुछ हद तक मुकाबला कर पाने में कामयाब हो सकते हैं।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

डिजिटल दौर
अमरनाथ सक्सेना

युवाओं के सामने उभरती चुनौतियां

भारत की 26% आबादी ऐसे लोगों की है जिनकी उम्र 15 से 29 साल के बीच है। भारत को इस बात पर गर्व है कि उसके पास युवा प्रतिभाओं की भरमार है। ये युवा डिजिटल तौर-तरीकों को अच्छी तरह से समझते हैं, वे महत्वाकांक्षी हैं और कुछ नया प्रयोग करने से लेकर नए क्षेत्रों में कदम रखने से वे हिचकिचाते नहीं हैं। वे हमारे देश को विकास के अगले स्तर तक ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हालांकि इन उम्मीदों के साथ उन्हें कुछ नए तरह के जोखिमों से दो-चार होना पड़ रहा है, जिसका सामना पिछली पीढ़ी ने कभी नहीं किया था। साइबर धोखाधड़ी करने वाले अपराधी ऑनलाइन ट्रेडिंग अकाउंट को हैक कर सकते हैं, और जो शॉपिंग वेबसाइटें बेहद सुरक्षित और भरोसेमंद दिखाई देती हैं, वहां भी लोग ठगी का शिकार बन सकते हैं। इससे आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है और यह एक गंभीर समस्या का रूप भी धारण कर सकती है। गौरतलब है कि जहां टेक्नोलॉजी ने भारतीय युवाओं को सशक्त बनाया है, वहीं इसकी वजह से वे गंभीर जोखिमों के प्रति असुरक्षित भी बन गए हैं। साइबर धोखाधड़ी जैसे कि पहचान चुराना, फिशिंग अटैक और वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अपराध दिनोंदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। युवा लोग जो अक्सर ऑनलाइन लेन-देन करते हैं, डिजिटल प्लेटफॉर्म के ज़रिए निवेश करते हैं और कई पेमेंट एप्लीकेशन का इस्तेमाल करते हैं, यहां वे अक्सर साइबर अपराधों की वजह से होने वाले आर्थिक नुकसान को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के अनुसार वर्ष 2021 से जून 2025 तक के बीच 65.9 लाख शिकायतें प्राप्त हुईं। कई युवा नौकरीपेशा लोग इस बात से अनजान होते हैं कि भारत में अब लोगों के लिए खास साइबर इंश्योरेंस पॉलिसियां उपलब्ध हैं। ये पॉलिसियां अनधिकृत डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी, पहचान चुराना, ऑनलाइन वसूली और साइबर खतरों से प्रभावित हुए डिजिटल उपकरणों को ठीक करने में होने वाले खर्चों के लिए आर्थिक मदद पेश करती हैं। जैसे-जैसे डिजिटल जीवनशैली हमारी जिंदगी का हिस्सा बनती जा रही है, वैसे-वैसे युवा पीढ़ी के लिए साइबर इंश्योरेंस भी हेल्थ इंश्योरेंस जितना ज़रूरी बनते जा रहा है। साइबर अपराधी युवाओं को कई तरह से ठगी का शिकार बना सकते हैं, इसलिए साइबर खतरों से बचने के लिए आपके पास साइबर इंश्योरेंस का होना बेहद ज़रूरी है। आज के भारतीय युवा जिस चुनौती का सामना कर रहे हैं, वह है जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां। हाल के अध्ययन पुष्टि करते हैं कि भारतीय युवाओं में डायबिटीज़, कार्डियक अरेस्ट जैसे मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं, जबकि पहले ये बीमारियां अधेड़ उम्र के लोगों को होती थीं। हाल की रिपोर्टों के अनुसार लगभग 18–40 साल की उम्र के 18% लोग डायबिटीज़ से जूझ रहे हैं, जबकि 25% लोग प्री-डायबिटीक हैं। इससे यह बात पता लगती है कि पहले डायबिटीज़ को अधेड़ उम्र में होने वाला रोग माना जाता था, लेकिन अब यह विचारधारा बदल रही है। अध्ययन दर्शाते हैं कि 40 साल से कम उम्र के लोगों में कार्डियक के मामले बढ़ रहे हैं, जो कि गंभीर चिंता का विषय है। इन बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए, युवाओं के लिए बेहद ज़रूरी है कि वे अपने लिए एक ज़बरदस्त हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी ज़रूर चुनें। और तो और युवाओं के लिए यह भी ज़रूरी है कि वे इसे कम से कम उम्र में लें, ताकि सेहतमंद रहते हुए वे पॉलिसी की प्रतीक्षा अवधि पूरी कर लें। इससे यह बात भी पक्की हो जाएगी कि उन्हें फटाफट कवरेज मिलेगा और जब उन्हें इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत होगी, तब वे इसे अच्छी तरह से इस्तेमाल कर पाएंगे। संक्षेप में, इस डिजिटल दौर में भारत के युवा दर्शाते हैं कि वे इस देश की सबसे बड़ी ताकत तो हैं, लेकिन सबसे ज्यादा साइबर खतरों का सामना भी इसी वर्ग को करना पड़ता है। जहां स्मार्टफोन और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शिक्षा, करियर और दुनिया से संपर्क बनाने के लिए नए-नए अवसर पेश कर रहे हैं, वहीं इन्हीं के ज़रिए भारतीय युवा साइबर धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, मानसिक स्वास्थ्य की समस्या और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे गंभीर खतरों का सामना भी कर रहे हैं। इन सभी बिंदुओं को देखते हुए पता लगता है कि इन युवाओं को साइबर इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस दोनों में निवेश करना चाहिए, ताकि वे न केवल डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षित रहें, बल्कि उनकी सेहत की भी सुरक्षा हो। इससे भारतीय युवा अचानक से आने वाले किसी भी साइबर खतरे से सुरक्षित रहने के साथ-साथ अपनी आकांक्षाएं भी आसानी से पूरी कर पाएंगे।

(लेखक चीफ टेक्निकल ऑफिसर-बजाज जनरल इंश्योरेंस हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हर बात का जवाब देना जरूरी नहीं



संकलित
दर्शन

आज के समय में लोग हर बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देना चाहते हैं। सोशल मीडिया से लेकर निजी जीवन तक अपनी बात साबित करने की होड़ लगी रहती है। लेकिन कई बार ज्यादा बोलना रिश्तों में दूरी, मन में तनाव और निर्णयों में जल्दबाजी का कारण बन जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता हमें याद दिलाता है कि मौन अक्सर वह प्रकट कर देता है, जिसे शोर कभी नहीं कर सकता है। इसका मतलब हमेशा चुप रहना नहीं, बल्कि सही समय पर रखा गया मौन कई बार सबसे प्रभावशाली उत्तर बन जाता है। बहुत से लोग मानते हैं कि चुप रहना कमजोरी का संकेत है, लेकिन गीता का संदेश इससे बिल्कुल अलग है। जब व्यक्ति बिना क्रोध, अहंकार या आवेश के शांत रह पाता है, तो यह उसके आत्मसंयम को दर्शाता है। हर बात पर प्रतिक्रिया देने के बजाय धैर्य रखना मानसिक परिपक्वता की निशानी है। ऐसा व्यक्ति परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझ पाता है और जल्दबाजी में गलत निर्णय लेने से बच जाता है। मौन रखने वाला व्यक्ति भीतर से मजबूत होता है। जब मन क्रोध, चिंता या भ्रम से भरा होता है, तब सही और गलत का अंतर समझना कठिन हो जाता है। लेकिन कुछ पल का मौन मन को स्थिर कर देता है। शांत वातावरण में व्यक्ति अपने विचारों को स्पष्ट रूप से देख पाता है और बिना भावनाओं में बहकर निर्णय लेता है। यही कारण है कि जीवन के महत्वपूर्ण फैसलों में धैर्य और शांति को हमेशा महत्व दिया गया है। शांत मन से लिया गया निर्णय लंबे समय तक सही साबित होता है।

एकाग्रता ही ज्ञान की असली कुंजी

संकलित
प्रेरणा

विद्यार्थी जीवन सिर्फ किताबें रटने या अच्छे अंक लाने का समय नहीं होता है। यह वह उम्र है जब सोच, आदतें, हिम्मत और व्यक्तित्व बनते हैं। आज के समय में मोबाइल, सोशल मीडिया और परीक्षा के दबाव के बीच कई स्टूडेंट्स ध्यान खो देते हैं और तनाव के शिकार हो जाते हैं। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अपनी भीतरी ताकत पहचानने, मन को एक जगह टिकाने और मजबूत चरित्र बनाने की सीख दी थी। उनकी बातें आज भी हर विद्यार्थी के लिए सफलता का आसान रास्ता दिखाती हैं। स्वामी विवेकानंद मानते थे कि मन को एक जगह केंद्रित करना ही शिक्षा का सार है। वे कहते थे कि एकाग्रता की शक्ति ज्ञान के खजाने की चाबी है। आजकल पढ़ाई करते समय बार-बार फोन देखने या सोशल मीडिया घूमने से मन बिखर जाता है। अगर कुछ देर के लिए मोबाइल दूर रखकर सिर्फ एक काम पर पूरा ध्यान दिया जाए, तो आसानी विषय समझ में आता है और याद भी हो जाता है। रोज थोड़ा अभ्यास करने से मन मजबूत होता है। एकाग्रता बढ़ाने वाला विद्यार्थी किसी भी विषय को आसानी से सीख लेता है और सफलता उसके करीब आ जाती है। परीक्षा या भविष्य की चिंता अक्सर विद्यार्थियों का आत्मविश्वास घटा देती है। स्वामी विवेकानंद ने हमेशा कहा कि खुद पर विश्वास सबसे जरूरी है। डर को छोड़कर आगे बढ़ने वाला व्यक्ति मुश्किलों में भी रास्ता ढूंढ लेता है। असफलता आ जाए, तो हार मानने के बजाय फिर से कोशिश करने का साहस रखना चाहिए। जो विद्यार्थी अपनी क्षमता पर भरोसा रखता है वह दबाव में भी शांत रहता है।

अंतर्मन

आज की पाती

साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा। *– मोहन लाल यादव, रायपुर*

ट्रेंड

वाजपेयी को श्रद्धांजलि

अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर याद कर रहा हूँ। अद्भुत दूरदर्शिता वाले एक असाधारण राजनेता के तौर पर, उन्होंने अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। उनके विचारों ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया और उनके नेतृत्व ने हमारे देश को मज़बूत बनाया।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

सरकार का सामना

भारत के युवाओं ने जिस हिम्मत और मज़बूती के साथ मोदी जी की हिंसक सरकार का सामना किया है और जवाबदेही की मांग की है, वह तारीफ़ के काबिल है। उन्होंने शांति, प्यार और मज़ाक-मज़ाक में अपनी आवाज़ उठाई।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

दिव्यास्त्र एमके3

डीजी प्रोपल्शन के स्वदेशी जेट इंजन से चलने वाले 'दिव्यास्त्र एमके3' की सफल पहली उड़ान, 100% स्वदेशी जेट-पावर्ड 'लोइटरिंग म्यूनिशन' की दिशा में एक अहम कदम है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हमारे इनोवेटर्स और इंजीनियरों को बधाई।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

युवाओं की ऊर्जा

हमारी सरकार युवाओं की ऊर्जा को नई दिशा देने के लिए लगातार काम कर रही है और उन्हें कौशल, स्वरोज़गार और खेल-कूद से जोड़ रही है। इसी संकल्प के साथ, वर्ष 2027 को 'युवा वर्ष' घोषित किया है।
- **डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

करंट अफेयर

आर्कटिक रूट : चीन नई चाल से बदलने चला समुद्री कारोबार

पिछले कुछ सालों में लाल सागर, स्वेज नहर और दूसरे समुद्री रास्तों पर युद्ध और तनाव ने पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि अगर एक समुद्री रास्ता बंद हुआ तो हजारों जहाजों का रास्ता बदल सकता है। अब चीन ने दक्षिण के जोखिम भरे रास्ते की जगह 20 दिन में यूरोप पहुंचने वाला आर्कटिक समुद्री रास्ता इस्तेमाल करने का फैसला किया है। अभी चीन से यूरोप जाने वाले बड़े कंटेनर जहाजों को आमतौर पर दक्षिण की ओर जाना पड़ता है। हिंद महासागर, अरब सागर, लाल सागर और फिर स्वेज नहर के जरिए भूमध्य सागर पार करके यूरोप पहुंचा जाता है लेकिन उत्तरी जल मार्ग में रास्ता उल्टा है। जहाज चीन के उत्तरी हिस्से से निकलकर रूस के साइबेरियाई तट के ऊपर से आर्कटिक महासागर में जाते हैं और फिर यूरोप की तरफ नीचे आते हैं यानी दुनिया के नक्शे पर चीन से यूरोप जाने के लिए जो रास्ता नीचे की तरफ जाता है, उसकी जगह चीन अब ऊपर से जाने वाला रास्ता तलाश रहा है। चीन लंबे समय से इस बात को लेकर चिंतित रहा है कि उसके व्यापार और ऊर्जा आयात का बड़ा हिस्सा कुछ समुद्री रास्तों पर निर्भर है। इसे चीन की मलक्का दुविधा से भी जोड़कर देखा जा सकता है। मलक्का एशिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है।

ऑफ बीट

तिरंगे के साथ 13 हजार फीट से छलांग, रचा इतिहास

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहने वाले तीन भारतीय उन 65 स्काईडाइवर्स में शामिल रहे, जिन्होंने लीबिया में 13,000 फीट की ऊंचाई से एक साथ छलांग लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। सभी स्काईडाइवर्स अपने-अपने देशों के राष्ट्रीय ध्वज लेकर विमान से कूदे थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 14 अगस्त को इस उपलब्धि की आधिकारिक पुष्टि की। रिपोर्ट के मुताबिक केरल के कन्नूर निवासी जमशीर थनालोट, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी अभिषेक रावत और बिहार के पटना की ईशा राज इस अभियान में शामिल तीन भारतीय थे। यह रिकॉर्ड सात अगस्त को बनाया गया। इस दौरान करीब 38 देशों के स्काईडाइवर्स ने सैन्य विमान इल्यूशिन इल-76टीडी से छलांग लगाई। 65 स्काईडाइवर्स का एक ही विमान से अपने-अपने राष्ट्रीय ध्वज के साथ एक साथ छलांग लगाना नया विश्व रिकॉर्ड है। भारतीय प्रतिभागियों ने छलांग के दौरान तिरंगा लहराया। यह प्रयास भारत के स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले किया गया, जिससे इसमें देशभक्ति का भाव भी जुड़ गया। तीनों भारतीय यूएई के स्काईडाइविंग समुदाय का हिस्सा हैं। वे पांच अगस्त को लीबिया पहुंचे थे और अंतिम प्रयास के लिए मंजूरी मिलने से पहले तीन अभ्यास छलांग लगाई थी।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर रही धूम

इंडिया गेट से लेकर ताज महल तक राष्ट्रभक्ति के रंग बिखरे, देशभर में शान से लहराया तिरंगा, ऐतिहासिक इमारतें रोशनी से जगमग रहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पूरे भारत में ऐतिहासिक स्मारक, सरकारी भवन और प्रमुख स्थल तिरंगे की रोशनी से जगमगा उठे। इंडिया गेट से लेकर ताज महल तक राष्ट्रभक्ति के रंग बिखरे नजर आए। हर राज्यों में तिरंगा शान से लहराया। मुख्यमंत्रियों ने तिरंगा फहराकर देशभक्ति का संदेश दिया। राजधानी दिल्ली में इंडिया गेट तिरंगे की रोशनी से नहाया हुआ है।

नई दिल्ली में हुआ मुख्य आयोजन

राज्यों में मुख्यमंत्रियों ने किया ध्वजारोहण

योगी ने ध्वज फहराया

राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तिरंगा फहराया। योगी ने ध्वजारोहण के बाद जनता को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। वंदे मातरम से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वहीं पश्चिम बंगाल में सीएम सुवेंदु ने ध्वजारोहण किया।

मुंबई और जम्मू-कश्मीर

मुंबई में ऐतिहासिक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और बीएमसी मुख्यालय को तिरंगे की रोशनी से सजाया गया। वाहन इन भव्य भवनों के सामने से गुजरते नजर आए। जम्मू-कश्मीर में सलाल बांध को भी तिरंगे के रंगों से रोशन किया गया।

पुरी के सैंड आर्ट ने मोहा मन

ओडिशा के पुरी बीच पर प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की थीम पर आधारित मनमोहक सैंड आर्ट बनाई। इसमें राष्ट्रीय पर्व की भव्यता और तिरंगे की शान को खूबसूरती से उकेरा।

सैनी ने दिया 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' का संदेश

प्रदेश के 23वें जिले हांसी से स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' का संदेश दिया। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, परेड की सलामी ली और स्वतंत्रता संग्राम से लेकर देश की रक्षा में बलिदान देने वाले वीरों को नमन किया।

खबर संक्षेप

हिमाचल में मचाई तबाही, 118 सड़कें बंद

मंडी। हिमाचल प्रदेश में मानसून का कहर थम नहीं ले रहा है। लगातार बारिश से पहाड़ी जिलों में

सड़कें बंद होने, बिजली आपूर्ति बाधित होने और पेयजल योजनाओं के प्रभावित होने का सिलसिला जारी है। 24 घंटे में प्रदेश में 118 सड़कें बंद, 19 बिजली ट्रांसफार्मर बाधित और 216 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं।

शिवसेना नेता की पिस्टल से चली गोली, 2 घायल

बाबतपुर। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन में रविवार सुबह चेकिंग के

दौरान लाइसेंसी पिस्टल से अचानक गोली चल गई। गोली लगने से सुरक्षा सहायक के पद पर कार्यरत 2 कर्मी घायल हो गए। दोनों को हरहुआ स्थित न्यू लक्ष्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। दोनों की हालत सामान्य है।

बंगाली सिनेमा के निर्माता निर्देशक सेन की मौत

कोलकाता। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता बंगाली फिल्म निर्माता राजा सेन नहीं रहे। नेशनल अवॉर्ड

जीतने वाली फिल्म 'दमु' के लिए मशहूर अनुभवी बंगाली फिल्म निर्माता राजा सेन का रविवार को एक सरकारी अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 71 वर्ष के थे। सेन बंगाली सिनेमा जगत का बड़ा नाम थे।

हाईटेंशन तार टूटा, रिटा. फौजी की मौत, 20 झुलसे

बागड़। राजस्थान के बागड़ धाम दर्शन के लिए निकला श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार देर रात दर्दनाक

हादसे का शिकार हो गया। करनाल की घरौंडा की अनोखा कॉलोनी से करीब 60 महिला, पुरुष और बच्चों को लेकर जा रहे कैंटर पर हाईटेंशन बिजली की लाइन गिर गई। रिटायर्ड फौजी नरेश कुमार की मौत हो गई।

अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर देश ने उन्हें किया नमन

प्रधानमंत्री सहित कई मंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि अद्भुत दूरदर्शिता, असाधारण राजनेता बताया



देश के कई राज्यों में भी उनके सुशासन और जन-कल्याण को याद किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई केंद्रीय मंत्रियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर याद कर रहा हूं। अद्भुत दूरदर्शिता वाले एक असाधारण राजनेता के तौर पर, उन्होंने अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। उनके विचारों और प्रयासों ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया और उनके नेतृत्व ने हमारे देश को मजबूत बनाया। सुशासन और जन-कल्याण पर उनका जोर हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। इसके साथ ही देश के कई राज्यों में अटल जी को याद किया और उन्हें नमन भी किया। उनके सामाजिक कल्याण को याद किया और उनके बताए गए रास्तों पर चलने का आह्वान भी किया।

उनके रास्तों पर चलने को कहा

प्रधानमंत्री ने कहा उनके विचार और उनकी देश के प्रति सच्ची सोच पीढ़ियों तक करेंगी मार्गदर्शन

नई दिल्ली में पीएम मोदी ने श्रद्धांजलि दी

जीवन का एक-एक क्षण देश सेवा को समर्पित किया: शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि पभारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की

पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करता हूं। अटल जी एक ऐसे देशभक्त राजनेता थे, जिन्होंने अपने जीवन का एक-एक क्षण देश सेवा को समर्पित कर दिया। एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण व कारगिल युद्ध में पूरी दुनिया को भारत की शक्ति से परिचित करवाया।

वाजपेयी करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत रहेंगे: गडकरी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पोस्ट में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत है। एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में विचारधारा और सिद्धांतों पर आधारित अटलजी का जीवन राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहा। आज उनके स्मृति दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि वंदन।

उनकी राजनीति का मूल उद्देश्य राष्ट्रहित और जनसेवा रहा: राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया कि अटल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं

विनम्र श्रद्धांजलि। अटल जी ने अपने विचारों और कार्यों से भारतीय लोकतंत्र को समृद्ध किया। उन्होंने जीवन का एक-एक क्षण देश सेवा को समर्पित के साथ कार्य किया। उनके लिए राजनीति का मूल उद्देश्य राष्ट्रहित और जनसेवा था। उनके नेतृत्व में भारत ने सामरिक शक्ति, आर्थिक विकास में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया।

राष्ट्रनिष्ठा, लोकतांत्रिक मूल्यों, अद्भुत वक्तृत्व का अनूठा संगम रहा: बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक्स पोस्ट में कहा कि वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण नमन।

अटल जी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिनके व्यक्तित्व में राष्ट्रनिष्ठा, लोकतांत्रिक मूल्यों, संवेदनशीलता और अद्भुत वक्तृत्व का अनूठा संगम था। पांच दशकों से अधिक लंबे संसदीय जीवन में वे लोक सभा के लिए दस बार और राज्य सभा के लिए दो बार निर्वाचित हुए।

खट्टर ने युग पुरुष बताया

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने एक्स पर लिखा कि नए भारत के स्वप्नद्रष्टा, भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, सुशासन के आदर्श प्रतिमान, मेरे जैसे असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वे युगपुरुष थे।

विचारधारा-संस्कारों में सदैव जीवित रहेंगे: किरेन

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने एक्स पोस्ट में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। अटल जी हमारे इतिहास में, विचारधारा और संस्कारों में सदैव जीवित रहेंगे।

सुरक्षा और कूटनीति में अग्रणी रहे: जयशंकर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि आज भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भारत की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और कूटनीति में उनके योगदान याद रहेंगे।

प्रधानमंत्री के भाषण पर विपक्ष को आपत्ति

जो नक्सली समर्थक पीएम मोदी ने उन्हें 'दिमागी नक्सल' कहा

इन्हें बताया नक्सली

1. वह लोग जो माओवाद का समर्थन करते हैं और भारतीय संविधान को नहीं मानते।
2. वह लोग जो अलगाववादियों के साथ खड़े होते हैं और धारा 370 का समर्थन करते हैं।
3. वह लोग जो 'चिकन नेक' को काटकर पूर्वोत्तर के राज्यों को भारत से अलग करना चाहते हैं।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश के लोगों को 'दिमागी नक्सल' लोगों से सावधान किया था। इसके बाद विपक्षी पार्टियां लगातार पीएम और सत्ता पक्ष पर 'दिमागी नक्सली' शब्द को लेकर हमलावर हो रही हैं। अब इस मामले पर सरकार की सफाई आई है। संसदीय कार्यों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को साफ किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी नेताओं को 'दिमागी नक्सल' नहीं कहा है। इसके बाद रिजिजू ने कुछ कारणों का जिक्र किया और कहा कि जो लोग इन मुद्दों को सपोर्ट करते हैं। सरकार उन्हें दिमागी नक्सल मानती है। एक्स पर अपनी बात रखते हुए रिजिजू ने विपक्ष के तमाम नेताओं को जवाब दिया। जो पीएम मोदी की दिमागी नक्सल वाली टिप्पणी के बाद इस पर तंज कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने विपक्षी नेताओं को दिमागी नक्सल नहीं कहा है। उन्होंने केवल उन लोगों को नक्सली कहा है,जो इनका समर्थन करते हैं।

चिदंबरम बोले- मुझे गर्व है पीएम मोदी ने सावधान किया

कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने प्रधानमंत्री ी 'दिमागी नक्सल' संबंधी टिप्पणी पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें 'दिमागी नक्सल' होने पर गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन

में नक्सलवाद और माओवाद के खिलाफ सरकार की कार्रवाई का जिक्र करते हुए 'दिमागी नक्सलियों' को लेकर चेताया था और कहा था कि उनके वैचारिक समर्थक व्यवस्था में घुसपैठ कर नीतियों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। चिदंबरम की यह टिप्पणी मोदी के उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने देश को 'दिमागी नक्सलियों' के बारे में आगाह किया था। मोदी ने आरोप लगाया था कि ऐसे लोग सिस्टम में घुसपैठ कर चुके हैं और समाज के लिए खतरा बने हुए हैं।

राहुल ने वीडियो जारी कर आंदोलन को सही बताया

22 को पुणे में करेंगे 'गूंज' कार्यक्रम

सरकार की हिंसा के खिलाफ खड़े रहने वाले युवाओं का साहस सराहनीय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि सरकार की हिंसा के

खिलाफ मजबूती से खड़े रहने वाले भारत के युवाओं का साहस सराहनीय है। ब द स लू की, गाली-गलौज और हिंसा का सामना करने वाली छात्राओं की भी तारीफ होनी चाहिए,राहुल ने बातचीत का वीडियो भी शेयर किया। 22 अगस्त को पुणे में गूंज कार्यक्रम करेंगे।

लोकसभा में युवाओं के क्यों नहीं पूछने दिया

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के

सह-संस्थापक और प्रवक्ता सौरव दास ने रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल में हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में युवाओं के विरोध प्रदर्शन से जुड़े कुछ सवाल संसद में पूछने की अनुमति नहीं दी गई।

ये थे सवाल

- इन सवालों में पूछा गया था कि नीट-यूजी 2026 का आवेदन शुल्क वापस करने का क्या फैसला है?
- लोगों का सरकार पर भरोसा क्यों कम हो रहा है?
- दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे युवाओं को पीने का पानी और शौचालय जैसी जरूरी सुविधाएं क्यों नहीं दी गईं?
- छात्रों की समस्याओं, पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को क्या कर रही है?

16 दिन में 29 बार भूकंप से हिली महाराष्ट्र की धरा



मुंबई। महाराष्ट्र के नासिक और पालघर जिलों में पिछले दो हफ्तों में लगातार आ रहे छोटे-छोटे भूकंप के झटकों ने चिंता बढ़ा दी है। वैज्ञानिकों ने लगातार हो रही इस भूगर्भीय गतिविधि को भूकंपों का झुंड नाम दिया है।30 जुलाई से 14 अगस्त के बीच महाराष्ट्र में कम से कम 29 झटके दर्ज किए गए। इनमें से अकेले नासिक के आसपास 24 रहे।

मोर को दाना खिलाया, गाय को चारा

लाल किले पर जाने से पहले का प्रधानमंत्री का वीडियो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर अपनी दिनचर्या एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में वह गायों को चारा और मोर को दाना खिलाते हुए नजर आ रहे हैं। अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, हर सुबह अपने दोस्तों को खाना खिलाना मेरी रोज की दिनचर्या है।

झारखंड में 23वें दिन भी जारी रहा छात्र आंदोलन

परीक्षाओं में अनियमिता पर बवाल

अल्बर्ट एक्का चौक पर सीएम सोरेन राहुल के पुतले फूंके व नारेबाजी की

एजेंसी ▸▸ रांची

झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ छात्रों का आंदोलन रविवार को 23वें दिन भी जारी रहा। सीबीआई जांच और विवादित परीक्षाओं को रद्द करने की मांग पर अब तक ठोस पहल नहीं होने से आंदोलनकारी छात्रों में राज्य सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। छात्रों ने रविवार शाम रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुतले फूंके। इस दौरान छात्रों ने राज्य सरकार के

खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का ऐलान किया। राज्य के विभिन्न जिलों में भी पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया था।

मुख्यमंत्री दें इस्तीफा

जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म्स मंच के नेता रविंद्र पासवान ने कहा कि 20 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। जेएमएम और कांग्रेस छात्रों के मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। छात्रों ने राहुल गांधी से भी अपील की कि यदि मुख्यमंत्री उनकी बात नहीं सुन रहे हैं तो कांग्रेस को सरकार से समर्थन वापस ले लेना चाहिए। जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं करती, आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। सीएम सोरेन इस्तीफा दें।

पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर आशीष की मौत

सीएम शुभेंदु ने मौत पर जताई आशंका, जांच के आदेश

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और तृणमूल कांग्रेस नेता आशीष बनर्जी रविवार को बीरभूम जिले के

रामपुरहाट स्थित पार्टी कार्यालय में मृत पाए गए। आशीष की मौत पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी कि क्या उन्हें किसी ने धमकी दी थी। मैंने कुछ देर पहले उनके परिवार से बात की। वे एक अच्छे राजनेता थे। उनके विधानसभा क्षेत्र से चुने गए भाजपा विधायक उनसे मिलने गए और उनके पैर छुए।

मौत के कुछ देर पहले की थी बात

कॉल रिकॉर्ड और सुसाइड नोट की होगी जांच

शुभेंदु ने कहा कि मामले में कॉल रिकॉर्ड की भी जांच की जानी चाहिए। उनके हाथ से लिखे सुसाइड नोट की भी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुसाइड नोट लेटरहेड पैड पर लिखा गया है और इसकी जांच की जाएगी कि उसमें क्या लिखा है और उसके पीछे क्या कारण था। मैंने उनके परिवार से पुलिस के साथ सहयोग करने को कहा है। टीएमसी के भ्रष्ट लोग उन्हें डराने की कोशिश कर सकते हैं।

सुसाइड नोट में लिखा: भ्रष्टाचार से लेना-देना नहीं

आशीष का एक कथित सुसाइड नोट भी सामने आया है। इसमें उन्होंने कहा कि मेरा भ्रष्टाचार से कोई लेना-देना नहीं था। फिर भी मुझे बदनाम करने के लिए ये सारे पूरी तरह से झूठे आरोप लगाए गए। मैं छात्र जीवन से ही राजनीति से जुड़ा रहा हूं।

बार-बार बदनाम किया गया झूठे आरोप लगाए गए: ममता

टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने आशीष के निधन पर दुख जताया। ममता ने कहा आशीष

ने जीवन का अधिकांश समय समर्पण के साथ पढ़ाने और समाज की सेवा में बिताया। वह अपने सरल स्वभाव और रामपुरहाट तथा बीरभूम के लोगों के साथ करीबी संबंधों के लिए हमेशा जाने जाते थे।अंतिम दिनों में आशीष ने जिस मानसिक और भावनात्मक दबाव का सामना किया, वह बहुत ज्यादा था। उन्हें बार-बार बदनाम किया गया।

पश्चिम एशिया संकट का असर: 21 कंपनियों को करना पड़ेगा 63,810 टन प्रतिदिन उत्पादन

एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार ने उठाया बड़ा कदम, तय किया कोटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान आयातित रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के बाद अब सरकार ने घरेलू तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) उत्पादन बढ़ाने के लिए पहली बार अलग-अलग रिफाइनरी इकाइयों और तेल-गैस कंपनियों के लिए अधिकतम उत्पादन लक्ष्य तय किए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के 13 अगस्त के आदेश के तहत 21 रिफाइनरी और अपस्ट्रीम कंपनियों के लिए कुल 63,810 टन प्रतिदिन का तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) उत्पादन क्षमता निर्धारित की गई है। यह 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के घरेलू एलपीजी उत्पादन का दोगुना से भी अधिक है।

- सरकार ने पहली बार तय किए एलपीजी उत्पादन के लक्ष्य, रिफाइनरियों को मिला अल्टीमेटम

2025-26 में 3.32 करोड़ टन एलपीजी की खपत

भारत में वित्त वर्ष 2025-26 में करीब 3.32 करोड़ टन एलपीजी की खपत हुई, जबकि घरेलू उत्पादन लगभग 1.31 करोड़ टन रहा। करीब 2.13 करोड़ टन एलपीजी का आयात करना पड़ा। यानी देश अपनी एलपीजी जरूरत का 64 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात करता है। सरकार का यह कदम उस संकट की पृष्ठभूमि में आया है, जब पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से एलपीजी का आयात प्रभावित हुआ था। उस दौरान घरेलू एलपीजी की आपूर्ति बनाए रखने के लिए रिफाइनरी कंपनियों को उत्पादन बढ़ाने, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को आपूर्ति सीमित करने तथा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रिफिल बुकिंग की अवधि बढ़ाने जैसे कदम उठाने पड़े थे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज करेगा 18 हजार टन एलपीजी उत्पादन

नए आदेश के तहत रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर स्थित घरेलू बाजार के लिए संचालित रिफाइनरी को सबसे बड़ा लक्ष्य दिया गया है। उसे जरुरत पड़ने पर 18,000 टन प्रतिदिन एलपीजी उत्पादन करना होगा। वहीं, रूस की रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी की वाडिनार रिफाइनरी के लिए 4,480 टन प्रतिदिन का लक्ष्य तय किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की 18 रिफाइनरी इकाइयों को मिलाकर 31,470 टन प्रतिदिन एलपीजी उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। रिलायंस की जामनगर स्थित केवल निर्यात के लिए संचालित दूसरी रिफाइनरी के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है।

सरकार करेगी उत्पादन लक्ष्यों की समीक्षा

नए ढांचे में कंपनियों को एलपीजी के भंडारण, निकासी और परिवहन के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा बनाए रखने तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी और आर्थिक रूप से व्यवहार्य उपाय करने को कहा गया है। इनमें जरूरत पड़ने पर नैफ्था को एलपीजी में बदलना और फ्लूइड कैटेलिटिक क्रैकिंग इकाइयों को उन्नत करना भी शामिल है। सरकार हर छह महीने में उत्पादन लक्ष्यों की समीक्षा करेगी। नई रिफाइनरी, नए तेल-गैस क्षेत्रों और तकनीकी उन्नयन से पैदा होने वाली अतिरिक्त क्षमता को भी इसमें शामिल किया जा सकेगा। इस तरह सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के दौरान उठाए गए अस्थायी कदमों को अब एक स्थायी आपूर्ति-सुरक्षा व्यवस्था का रूप देने की कोशिश की है, ताकि भविष्य में विदेशी एलपीजी आपूर्ति बाधित होने पर घरेलू उपभोक्ताओं को कमी, राशनिंग या रिफिल पर प्रतिबंध जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े।

भारतीय बाजार पर फिदा विदेशी निवेशक,15 दिनों में डाले 16,621 करोड़

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की खरीदारी का सिलसिला अगस्त में लगातार दूसरी महीने जारी है। अगस्त के पहले पखवाड़े में एफपीआई ने भारतीय शेयरों में 16,621 करोड़ का निवेश किया है। बेहतर मूल्यांकन, कंपनियों के मजबूत वित्तीय नतीजों और अमेरिका में ब्याज दरों में नरमी की उम्मीद ने निवेशकों के रुख को सकारात्मक बनाने में अहम भूमिका निभाई है। 'ट्रैक' के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी वेदांत गुप्ते के मुताबिक, अगस्त में एफपीआई की खरीदारी से संकेत मिलता है कि पहले की बिकवाली मुख्य रूप से वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों से प्रेरित थी, न कि भारत को लेकर किसी बड़ी चिंता के कारण। उन्होंने कहा कि अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, कच्चे तेल की नरम कीमतें और रुपए में स्थिरता ने विदेशी निवेशकों के लिए भारत से दूरी बनाए रखने के तीन प्रमुख कारणों को काफी हद तक कम कर दिया है।

आईपीओ बाजार में धमाका, 7 कंपनियों के इश्यू से जुटेंगे 6,400 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार में एक बार फिर हलचल बढ़ने वाली है। इस सप्ताह सात कंपनियां आईपीओ के जरिए सामूहिक रूप से करीब 6,400 करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी में हैं। इनमें ब्लैकस्टोन समर्थित होराइजन इंडस्ट्रियल पार्क्स और ललिता ज्वेलरी मार्ट भी शामिल हैं। होराइजन इंडस्ट्रियल पार्क्स और ललिता ज्वेलरी मार्ट के आईपीओ 17 अगस्त को खुलेंगे। होराइजन इंडस्ट्रियल पार्क्स 2,600 करोड़ रुपए का आईपीओ ला रही है, जिसका मूल्य दायरा 57 रुपए से 60 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी आईपीओ से जुटाई गई पूरी राशि का इस्तेमाल कर्ज चुकाने में करेगी। वहीं, ललिता ज्वेलरी मार्ट ने अपने 1,700 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए 190 रुपए से 201 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इसमें 1,200 करोड़ रुपए तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे। साथ ही इसमें 500 करोड़ रुपए तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है।

टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स के होंगे नए शेयर जारी

इसके बाद 20 अगस्त को टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) का आईपीओ खुलेगा। कंपनी 95 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी, जबकि 1.85 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी इसमें शामिल होगी। ऑगमॉन्ट एंटरप्राइजेज का 825 करोड़ रुपए का आईपीओ 21 अगस्त को खुलेगा। कुल मिलाकर ये सातों कंपनियां आईपीओ के जरिए 6,400 करोड़ रुपए जुटाने की उम्मीद कर रही हैं। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, इन आईपीओ के साथ 2026 में अब तक सार्वजनिक निर्गम लाने वाली कंपनियों की संख्या बढ़कर 55 होने की उम्मीद है।

पेज एक का शेष

महिला आरक्षण पर...

को उनका अधिकार दिलाने के लिए मिलकर काम करें। उनके इस आह्वान को संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में सरकार की ओर से एक नए सिरे से प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

2026 में फिर तेज हुई लागू करने की बहसः महिला आरक्षण के शीघ्र क्रियान्वयन को लेकर 2026 में राजनीतिक बहस एक बार फिर तेज हुई। अप्रैल 2026 में सरकार ने परिसीमन और महिला आरक्षण से संबंधित संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव भी संसद में रखा था, लेकिन वह लोकसभा में आवश्यक समर्थन हासिल नहीं कर सका। ऐसे राजनीतिक घटनाक्रम के बीच स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री का सभी दलों से एकजुट होकर आगे आने का आह्वान महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

'श्रेय किसे मिलेगा' से ज्यादा महत्वपूर्ण महिलाओं को अधिकारः प्रधानमंत्री के संदेश का एक महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि उन्होंने राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण को लेकर आपसी श्रेय की राजनीति से ऊपर उठने की अपील की। उनका जोर इस बात पर रहा कि यदि सभी दल इस दिशा में आगे बढ़ते हैं तो किसी एक दल के बजाय पूरा राजनीतिक वर्ग और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था इसकी सफलता का श्रेय ले सकती है।

महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जोड़ने की कोशिशः भारत में पंचायतों और स्थानीय निकायों में महिलाओं के आरक्षण ने बड़ी संख्या में महिलाओं को सीधे राजनीतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारियों से जोड़ा है। अब इसी भागीदारी को राष्ट्रीय और राज्य स्तर की राजनीति में व्यापक बनाने की मांग लंबे समय से होती रही है। महिला आरक्षण कानून का उद्देश्य भी यही है कि महिलाओं की संख्या केवल स्थानीय शासन तक सीमित न रहे, बल्कि लोकसभा और विधानसभाओं में नीति निर्माण के उच्चतम स्तर पर भी उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो। प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संबोधन से इस मुद्दे को एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीतिक विमर्श के केंद्र में आने की संभावना है। अब निगाहें इस बात पर रहेंगी कि क्या सरकार और विपक्ष इस मुद्दे पर राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर कोई साझा रास्ता निकाल पाते हैं।

नीति निर्माण में ...

33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व जल्द से जल्द मिल सके। प्रधानमंत्री का संदेश स्पष्ट था कि महिला आरक्षण को केवल किसी एक राजनीतिक दल की उपलब्धि के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह देश की महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी भागीदारी बढ़ाने का विषय है।

2023 में पारित...

अनुसार जनगणना और उसके बाद परिसीमन से जुड़ी प्रक्रिया महत्वपूर्ण है। इसी वजह से कानून पारित होने के बावजूद तत्काल प्रभाव से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं हुई हैं।

शाह बोले- महापाप...

नहीं करेगी। शाह ने मांग की कि कांग्रेस को बंकिमचंद्र चटर्जी की आत्मा और 140 करोड़ देशवासियों से दोनों हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए। 80 साल के बाद बंकिम बाबू का यह अमर मंत्र, अमर गान जब फिर से सम्मान प्राप्त कर रहा है। तो कांग्रेस को यह पसंद नहीं आ रहा है। हालांकि, विपक्षी दल कांग्रेस ने इस आरोप का खंडन करते हुए कहा कि राष्ट्रगीत के पूर्ण संस्करण के गायन को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

29 जुलाई को नया कानून बना, अपमान पर 3 साल सजाः वंदे मातरम को लेकर यह विवाद ऐसे समय हुआ है, जब संसद ने हाल ही में इसे कानूनी संरक्षण देने वाला नया कानून पास किया है। इसके तहत वंदे मातरम को 'जन गण मन' के बराबर कानूनी संरक्षण मिला है। जानबूझकर इसके अपमान या गायन में रुकावट डालने पर 3 साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

सोनिया के खिलाफ ...

का प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी मौजूद थीं। सोनिया गांधी ने 'वंदे मातरम' को बीच में ही रोकने के लिए कहा था।

यह सिर्फ ध्यान ...

बात हो रही है तो पहले वहां की जमीन वापस लेने की बात होनी चाहिए। उन्होंने छात्रों पर पैलेट गन के इस्तेमाल और अयोध्या राम मंदिर निर्माण फंड से जुड़े मामलों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि जनता को बुनियादी मुद्दों से दूर रखने के लिए जानबूझकर सांप्रदायिकता और जातिवाद की भावनाओं को हवा दी जा रही है।

ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों ...

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, बैठक में सार्थक एवं ठोस विचार-विमर्श, साझा सहमति विकसित करने और पर्यावरण के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने पर विशेष जोर रहेगा।

पर्यावरणीय चुनौतियों पर सामूहिक समाधान की कोशिशः ब्रिक्स देशों के सामने जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का संरक्षण, वन क्षरण, प्रदूषण, प्राकृतिक आपदाओं और संसाधनों के टिकाऊ उपयोग जैसी साझा चुनौतियां हैं। ऐसे में भारत की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक साझा अनुभवों, तकनीक और सर्वोत्तम तौर-तरीकों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच बन सकती है।

पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक, बैठक का उद्देश्य केवल चर्चा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सदस्य देशों के बीच सहमति और व्यावहारिक सहयोग को आगे बढ़ाना भी होगा। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता ऐसे समय में हो रही है, जब दुनिया जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं, वनाग्नि और संसाधनों पर बढ़ते दबाव जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में पर्यावरणीय सहयोग को मजबूत करने के लिए ब्रिक्स मंच की भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत की प्राथमिकताओं में सतत जीवनशैली से लेकर वनीकरण, वनाग्नि प्रबंधन, सर्कुलर इकोनॉमी और जलवायु अनुकूलन तक का व्यापक एजेंडा शामिल है। नई दिल्ली में होने वाली बैठक में इन मुद्दों पर सदस्य देशों के बीच साझा दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की उम्मीद है।

तीसरा-सर्कुलर इकोनॉमी...

चौथा-जलवायु अनुकूलनः जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अनुरूप बुनियादी ढांचे, अर्थव्यवस्था और समुदायों को तैयार करने तथा जलवायु जोखिमों से निपटने की क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

यूजीसी - नेट : प्रोविजनल ...

यूजीसी नेट का महत्वः यूजीसी नेट देशभर के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में जूनियर रिसर्च फेलोशिप,असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए पात्रता तथा कुछ श्रेणियों में पीएचडी प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परीक्षा है। एनटीए को यूजीसी की ओर से इस परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है और यह परीक्षा कंप्यूटर आधारित टेस्ट के रूप में आयोजित की जाती है।

उम्मीदवार ऐसे दर्ज करें आपत्तिः उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे आधिकारिक पोर्टल पर जाएं। अपने लॉगिन विवरण से प्रवेश करें। संबंधित विषय की प्रोविजनल आंसर-की और अपनी रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स देखें। जिस प्रश्न/उत्तर पर आपत्ति है, उसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत चुनौती दें। आपत्ति के समर्थन में उपलब्ध प्रमाण प्रस्तुत करें।प्रति प्रश्न 200 रुपये की निर्धारित फीस जमा करें।पूरी प्रक्रिया 18 अगस्त रात 11:59 बजे से पहले पूरी कर लें।

हर आपत्ति के ...

अन्य माध्यम से भेजी गई आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

अंग्रेजी, कॉमर्स और ...

वाली प्रोविजनल आंसर-की प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया है। एनटीए के अगले नोटिस से ही स्पष्ट होगा कि इन विषयों की उत्तर-कुंजी किस प्रक्रिया और समय-सीमा के तहत जारी होगी।

दर्शन के लिए ....

ऐतिहासिक मंदिर के दुर्लभ दर्शन के लिए देर रात से ही महाकाल परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस बार नागपंचमी के साथ-सावन माह का तीसरा सोमवार भी है, जिस दिन भगवान महाकाल की भव्य सवारी भी निकलेगी। इस अलौकिक और दुर्लभ संयोग के कारण उज्जैन में देशभर से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। मंदिर समिति के अनुसार इस अवसर पर करीब 8 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन करने का अनुमान है। रात को पट खुलते ही मंदिर परिसर 'जय श्री महाकाल' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा।

देश के 'सबसे ....

समारोह के दौरान अधिकारियों और स्टाफ ने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की ओर से भेजा गया विशेष प्रशस्ति पत्र डेविड को सौंपा गया। इसके साथ ही 90 वर्ष की आयु पूरी करने के उपलक्ष्य में नौसेना की ओर से उन्हें एक विशेष कैप प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करते समय डेविड भावुक हो गए और उन्होंने नौसेना में बिताए अपने स्वर्णिम दिनों तथा अनुभवों को याद कर सभी का आभार जताया।

पहलगाम आतंकी...

हुए स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की सहनशीलता और दरियादिली को उसकी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। भारत जोखिम उठाकर भी दुश्मन के घर में घुसकर करारा प्रहार कर सकता है। इस डॉक्यूसीरीज में अजीत डोभाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कड़े रुख, पूर्व सीडीएस जनरल अनिल चौहान (रिटायर्ड), पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई जैसे देश के शीर्ष सैन्य व सुरक्षा नेतृत्व के साक्षात्कार और अनुभव शामिल हैं। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की थी। पहलगाम हमले के 3 मकसद थे। पहला-भारत को धर्म के आधार पर बांटना। दूसरा - जम्मू-कश्मीर के टूरिज्म सेक्टर को तहस-नहस करना। तीसरा- घाटी के युवाओं को आतंकवाद से जोड़ना। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओजेके में स्थित आतंकी ठिकानों, ट्रेनिंग कैंपों और एयरबेस को निशाना बनाया। सैन्य कार्रवाई के साथ-साथ भारत ने कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर भी सख्त कदम उठाए, जिसमें 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करना शामिल था। सीरीज में दिखाया गया था कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 7 मई को हमले की अनुमति देने से पहले सेना से 10 से 12 घंटे चिंतन के लिए मांगे थे। बाद में उन्होंने यह कहते हुए अनुमति दी कि हमले में नागरिक ठिकानों को कतई नुकसान न हो।

दो भागों में ....

गया है। इसके अलावा, आर्मी प्रेस ब्रीफिंग में दो महिला अधिकारियों की मौजूदगी के जरिए भारत ने अपनी सामाजिक मजबूती और महिलाओं की निडरता का कड़ा संदेश दिया। इस रिलीज को बढ़ावा देने के लिए मुंबई सी-लिंक जैसी जगहों पर लाल रोशनी से 360-डिग्री प्रोजेक्शन अभियान भी चलाया गया।

राशिफल

मेष — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।



वृष — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

मिथुन — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।



कर्क — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

सिंह — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।



कन्या — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।



तुला — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

धनु — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

मकर — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।



कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।



मीन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

स्वतंत्रता दिवस पर वनतारा के सहयोग से बन्नी के जंगलों में छोड़े गए 20 काले हिरण

जामनगर/कच्छ। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गुजरात वन विभाग ने ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर, वनतारा के तकनीकी सहयोग से कच्छ के बन्नी इलाके में 20 काले हिरणों को घास के मैदानों यानी उनके प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा। यह कदम क्षेत्र में स्थानीय वन्यजीवों की संख्या बढ़ाने और बन्नी के प्राकृतिक पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन 20 काले हिरणों में 5 नर और 15 मादा हैं। इन्हें जामनगर स्थित वनतारा से बन्नी लाया गया। गुजरात के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक और केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से जरूरी मंजूरी के बाद यह स्थानांतरण किया गया। इससे पहले सभी हिरणों की स्वास्थ्य जांच सहित क्वारंटीन और सुरक्षित परिवहन समेत जरूरी प्रक्रियाएं पूरी की गईं। इस पहल का उद्देश्य सिर्फ 20 काले हिरणों को बन्नी में छोड़ना नहीं है। इसके जरिए इलाके में स्थानीय शाकाहारी जानवरों की संख्या बढ़ाने और प्राकृतिक संतुलन को मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। काले हिरणों की संख्या बढ़ने से दूसरे वन्यजीवों के लिए भी प्राकृतिक भोजन और रहने का बेहतर माहौल तैयार होगा। बन्नी का इलाका काफी बड़ा है और यहां बड़ी संख्या में पशुपालक समुदाय रहते हैं। इसके अलावा यहां काले हिरण, चिंकारा, नीलगाय और जंगली सूअर जैसे कई स्थानीय वन्यजीव भी पाए जाते हैं। इन जानवरों की संख्या बढ़ाने के साथ उनके प्राकृतिक रहने के स्थान को सुरक्षित रखना भी जरूरी है।

- 5 नर और 15 मादा काले हिरणों का पुनर्वास
- 500 काले हिरण और 100 चिंकारा के बड़े संरक्षण कार्यक्रम का हिस्सा

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय कश्यप पुत्र बाबू राम निवासी बी–46, उदय विहार, चंदर विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 403/2022 U/S 147/148/149/186/353/332 IPC & 3PDPP Act,** अन्तर्गत थाना **हरि नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय कश्यप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय कश्यप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 403/2022 U/S 147/148/149/186/353/332 IPC & 3PDPP Act,** अन्तर्गत **थाना हरि नगर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजय कश्यप** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री वसुंधरा आजाद
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11(पश्चिम)
पश्चिमी जिला, न्यायालय संख्या 146, प्रथम तल
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/11436/DWD/2026(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रणजीत सिंह पुत्र श्री तरसेन लाल निवासी आरजेड–153, कुमार कॉलोनी, नंद राम पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली** ने **FIR No.55/2020 U/S 279/338 IPC,** अन्तर्गत **थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रणजीत सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रणजीत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No.55/2020 U/S 279/338 IPC, अन्तर्गत थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रणजीत सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री शशांक नंदन भट्ट
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (पश्चिम)
कमरा नंबर 356, तीसरी मंजिल,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/11455/WD/2026(Court Matter)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग)
Email Id: birgaonmcp@gmail.com http://www.nagarnigambirgaon.com

क्र./2479/ न.पा.नि./ लो.नि.शाखा / 2026 — बीरगांव,दिनांक 13/08/2026

:: E-Procurement Tender Notice ::
(2nd Call)

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा नगरोत्थान योजनान्तर्गत वार्ड क्रं. 01 उरला क्षेत्र में एकीकृत विकास कार्य (नवीन सड़क एवं नाली कार्य) निविदा राशि रू. 155.75 लाख (कुल 01 कार्य) के लिए System Tender No 197406 अनुसार लोक निर्माण विभाग में [Following work as per schedule of rates for Road works issued by Engineer-In-Chief PWD Raipur in force from 15.06.2026 amendments applicable upto date of issue of NIT.] से प्रचलित एस.ओ.आर. में प्रतिशत दर पर (System Tender No 197406, Bid Start Date 14.08.2026, Bid Due date. 31.08.2026, Physical Submission Last Date 03.09.2026, Open Date 03.09.2026) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्तें, धरोहर राशि, Key Dates एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड/प्राप्त कर ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला - रायपुर (छ.ग.)

"Say No To Plastic Bags, Save Earth" "Use e-mail Save Tree"

शब्द पहेली - 6319



बाएँसेदाए±
1.मन मोहने वाला-5
5.प्रस्थान करना,रवानगी-5
9.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10.तेल में पकाना-3
11.प्रेम,प्यार-2
13.थोड़ा,जरा-2
14.मैं का बहुवचन-2
15.उम्मीद करना-5
18.धन,संपदा-2
19.पक्षियों की चहचहाट-4
20.अभिप्राय-4
21.सद्,अच्छा-2
22.दम,ताकत-2
23.प्रकाशवान-4
26.ठसाठस-4
29.माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30.क्रोधित होना-2,3
33.विदेशी शराब-2
34.झुका हुआ-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.आखेट मंच-3
38.खुजली-3
41.मनमोहकता-5
42.नाटक लिखने वाला-5

ऊपर से नीचे
1.आकर्षक.चिताकर्षक-5
2.वैक्स,मधुज-2
3.अधिकार-2
4.फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5.जागरण-4
6.दीवार (अंग्रेजी-2)
7.मां के पिता-2
8.असफल-5
12.गर्भ,कोख-3
13.करामात-3
15.खातिरदारी -5
16.उद्देश्य-2
17.नामकरण-2,3
23.भूस्वामी-2,3
24.सही का विलोम-3
25.मृत्यु-2
27.इमामदस्ता-3
28.कांतिमान, चमकीला-5
31.उदारता,बड़प्पन-4
32.मालगोदाम-4
36.रत्न,नग-2
37.टी,चहा-2
39.याचिका,वाद (अंग्रेजी-2)
40.वहम,संदेह-2

शब्द पहेली -6318 का हल

का	ज		आ	ग		सा	थ		सु	रा
ल		ता	ना		आ	स		ख	ब	र
	ली	ला		सा	या		क	ल	ह	
म	न		रा	त		र	म	ल		वि
स्त्री		फि	जा		अ	ग	ला		सा	दा
	शू	र		की	च	ड़		ता	र	
कु	ल		अ	म	ल		ख	त		मी
ली		ग	ल	त		प	ता		जा	न
	दो	ज	ख		क	ल		ता	ल	
घा	य	ल		दा	म		उ	म्र		मो
त	म		प	ग		कृ	ष्ण		क	र



सिनसिनाटी ओपन : पहले ही दौर में बाहर हुए जोकोविच

एजेंसी ▶▶| मेसन

विंबलडन के सेमीफाइनल में हारने के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट में खेल रहे नोवाक जोकोविच सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

अर्जेंटीना के 25 वर्ष की खिलाड़ी थियागो अगस्टिन तिरांते ने 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच को 2-6, 6-4, 6-4 से हराया। यह मैच गर्म और उमस भरे मौसम में दो घंटे 44 मिनट तक चला। तिरांते विश्व रैंकिंग में 50वें स्थान पर हैं। तीन बार सिनसिनाटी चैंपियन रह चुके और रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज 39 वर्षीय जोकोविच विंबलडन के सेमीफाइनल में यानिक सिनर से हार गए थे। जोकोविच को अब अमेरिकी ओपन में खेलना है, जो 30 अगस्त से न्यूयॉर्क में शुरू होगा।

अर्जेंटीना के अगस्टिन तिरांते ने जोकोविच को हराया

एलेक्जेंड्रा का शानदार प्रदर्शन, गैब्रिएला रूसे को हराया

महिला वर्ग में फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला ने एलेना-गैब्रिएला रूसे को हरा कर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। रूसे ने पहला सेट गंवाया लेकिन टखने की चोट के कारण वह आगे खेल जारी नहीं रख पाई। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज एला ने इसी महीने की शुरुआत में वाशिंगटन में अपना पहला डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीता था और उन्होंने अपने पिछले 9 मैचों में से आठ जीते हैं। अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने सिमोना वाल्टरट को 6-3, 6-2 से हराकर 2026 में हार्ड कोर्ट पर अपना रिकॉर्ड 25-6 कर लिया। तीसरे नंबर की खिलाड़ी पेगुला ने 2024 में सिनसिनाटी में खिताब जीता था।

पहले राउंड में हारीं वीनस, लगातार 13वां मैच गंवाया

ओहायो। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स का एकल में हारने का सिलसिला जारी है। सिनसिनाटी ओपन के पहले राउंड में वीनस को कोलंबियाई क्वालीफायर एमिलियाना अरांगो से 6-2, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। 46 साल की अमेरिकी खिलाड़ी को डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट के लिए वाइल्डकार्ड एंट्री दी गई थी, लेकिन वह अभी भी एकल मैच न जीतने का अपना सिलसिला खत्म नहीं कर पाईं। उनका हार का सिलसिला जुलाई 2025 से जारी है। 25 साल की क्वालीफायर अरांगो ने लिंडनर टेनिस सेंटर के ग्रैंडस्टैंड कोर्ट पर विलियम्स को एक घंटे और पांच मिनट में हरा दिया। विलियम्स की शुरुआत मुश्किल तरीके से हुई क्योंकि पहले गेम में उनकी सर्व टूट गई थी, और उन्हें एक ऐसे खिलाड़ी के खिलाफ मैच में वापस आने में परेशानी हुई जो लगातार दबाव बना रहा था।

खबर संक्षेप

पाक महिला टीम का मुख्य कोच बने रहेंगे रियाज

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने यूएई में होने वाले आगामी एशिया कप और जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए राष्ट्रीय महिला टीम के मुख्य कोच वहाब रियाज और सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्यों को बरकरार रखा है। पाकिस्तान ने सीनियर बल्लेबाज आलिया रियाज को एशियाई खेलों के लिए टीम में शामिल किया है लेकिन सिदरा अमीन और सदाफ शम्स को फिर से नजरअंदाज कर दिया है। नियमित कप्तान फातिमा सना दोनों टूर्नामेंटों में टीम की कप्तानी करेंगी। एशिया कप 28 अगस्त से 13 सितंबर तक दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें पाकिस्तान को हांगकांग-चीन, भारत और थाईलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

फॉर्मूला ई भारत में वापसी के लिए उत्सुक

लंदन। फॉर्मूला ई के सह-संस्थापक अल्बर्टो लोंगो ने कहा कि यह चैंपियनशिप भारत में वापसी करने के लिए उत्सुक है, लेकिन भारत के किसी शहर को मेजबानी की इच्छाशक्ति दिखानी होगी। ऑल-इलेक्ट्रिक विश्व चैंपियनशिप ने फरवरी 2023 में हैदराबाद ई-प्री के साथ भारत में अपनी शुरुआत की थी, लेकिन तेलंगाना में सरकार बदलने के बाद अगले वर्ष इस रेस को रद्द कर दिया गया, क्योंकि नई सरकार ने इसमें किसी तरह की दिलचस्पी नहीं दिखाई। लोंगो ने कहा कि फॉर्मूला ई अब भी उस बाजार में वापसी करने के लिए तैयार है, जिसे वह 'इलेक्ट्रिक मोबिलिटी' के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक मानते हैं। लोंगो ने कहा, 'हम भारत वापस जाना चाहेंगे लेकिन दुर्भाग्य से अभी इसको लेकर हमारी कोई बातचीत नहीं चल रही है। फॉर्मूला ई के लिए यह इतना महत्वपूर्ण बाजार है कि हम निश्चित रूप से वहां वापस जाना चाहेंगे।' उन्होंने कहा, ' फॉर्मूला ई प्रतियोगिता की मेजबानी करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए।

पहला टेस्ट : भारत ने 9 विकेट पर बनाए 460 रन, पडिक्कल ने बनाए 167

पडिक्कल के शतक के दम पर टीम इंडिया ने खड़ा किया विशाल स्कोर

जुरेल ने खेली अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| गॉल

देवदत्त पडिक्कल की 167 रन की शानदार पारी भारत के बूते भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के बारिश से प्रभावित दूसरे दिन रविवार को श्रीलंका के खिलाफ दिन का खेल खत्म होने तक 9 विकेट पर 460 रन बना लिए। रविवार को सिर्फ 43 ओवर का खेल संभव हुआ और इस दौरान श्रीलंका के स्पिनरों ने भारतीय बल्लेबाजों को खासा परेशान किया स्टंप्स के समय कुलदीप यादव 12 और प्रसिद्ध कृष्णा एक रन बनाकर क्रीज पर थे।

पडिक्कल ने पूरा किया अपना पहला 150 रन

131 रन से आगे खेलने उतरे पडिक्कल ने तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो की गेंद पर चौका लगाकर 215 गेंदों में अपना पहला 150 रन पूरा किया। उनकी इस उपलब्धि पर पहुंचने से पहले ही भारत को ऋषभ पंत के रूप में बड़ा झटका लग चुका था। दिन की शुरुआत 27 रन करने वाले पंत को आक्रामक तेवर अपनाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। ऑफ स्पिनर केशरा नुवंता की गेंद पर उनका हवा में लहराया गया कमजोर शॉट मिडऑफ की दिशा में सोनल दिनुषा के हाथों में थमा गया। इसके बाद केएल राहुल बल्लेबाजी के लिए आए। पिछले दिन ऐंठन के कारण 77 रन पर रिटायर हर्ट हुए राहुल अपने स्कोर में सिर्फ पांच रन जोड़ सके। नुवंता की गेंद के टर्न और उछाल को वह समझ नहीं पाए और शॉर्ट लेग पर निशान मधुशंका को आसान कैच दे बैठे। महज 12 रन देकर दो बड़े विकेट हासिल करने से श्रीलंकाई गेंदबाजों का आत्मविश्वास बढ़ा। भारत चाय तक पांच विकेट पर 364 रन बना चुका था। इसके बाद रविंद्र जडेजा को नुवंता (13) ने पगबाधा किया।



जुरेल ने खेली 51 रन की उपयोगी पारी

पिछले कुछ मैचों से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे जुरेल ने शानदार वापसी करते हुए 51 रन की उपयोगी पारी खेली। उनकी पारी में किस्मत का भी साथ रहा। 29 रन के निजी स्कोर पर स्लिप में श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डि सिल्वा ने जयसूर्या की गेंद पर उनका आसान कैच छोड़ दिया। जुरेल ने इस जीवनदान का फायदा उठाते हुए आठ पारियों के बाद पहली बार अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने नुवंता की गेंद को मिडविकेट के ऊपर से छक्का जड़ा और लाहिरू कुमारा की गेंद पर चौका भी लगाया।

जुरेल ने सुथार के साथ जोड़े 55 रन

जुरेल ने मानव सुथार (24) के साथ सातवें विकेट के लिए 55 रन जोड़े। जयसूर्या की गेंद पर धनंजय डि सिल्वा ने जुरेल का शानदार कैच लपक कर अपनी पिछली गलती की भरपाई कर दी। सुथार ने इसके बाद मोहम्मद सिराज (11) के साथ टीम के स्कोर को 447 रन तक पहुंचाया लेकिन इसी स्कोर पर दोनों बल्लेबाज आउट हो गए।

भारतीय महिला टीम का दमदार आगाज चीन को जीत से रोका

एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

महिला हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में महिला टीम इंडिया ने चीन के सामने दमदार प्रदर्शन किया। भारत ने चीन के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला, जिसके चलते भारतीय महिला टीम वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार चीन को किसी मैच में हराने से चूक गई। लेकिन चीन के दबदबे को देखा जाए तो भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए यह ड्रॉ किसी जीत से कम नहीं है. क्योंकि चीन वर्ल्ड नंबर चार की टीम है और उसे जीत से दूर रखकर महिला टीम इंडिया ने शानदार काम किया है। मगर भारतीय टीम साल 1998 से चली आ रही राइवलरी में 28 साल बाद भी हॉकी के खेल में चीन से जीत दर्ज नहीं कर सकी है। वहीं, महिला टीम ने शानदार डिफेंस का नजारा पेश किया और चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने वाली चीन सिर्फ एक में ही गोल कर सकी। मजबूत डिफेंस से टीम इंडिया ने चीन को जीत से दूर रखा।

पहले क्वार्टर में हुए दो गोल

चीन के खिलाफ मैदान में उतरी भारतीय महिला हॉकी टीम शानदार फॉर्म में नजर आ रही थी। मैच की शुरुआत में ही भारत की नवनीत कौर ने हॉकी स्टिक से जादू बिखेर दिया। मैच के पांचवें मिनट में जब भारत पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं कर सका, तो इसके बाद आठवें मिनट में नवनीत ने चीन के डिफेंस को चकमा देते हुए बेहतरीन फील्ड गोल दाग दिया। इससे महिला टीम इंडिया पहले क्वार्टर में ही 1-0 से आगे हो गई थी।

आज से विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप, सिंधू पर नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू सोमवार से शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में घरेलू दर्शकों के सामने अपने नए आत्मविश्वास के साथ इतिहास रचने की कोशिश करेंगी।

भारत 17 साल बाद इस चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है सिंधू सहित भारतीय खिलाड़ी इसका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। सिंधू अब तक विश्व चैंपियनशिप में पांच बार पदक जीत चुकी हैं और वह रिकॉर्ड छठा पदक जीतने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने इससे पहले विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं।

यूरोपीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप: ब्रिटिश रिले टीमों का दबदबा, एमी हंट ने जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

ब्रिटेन की एमी हंट ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी करते हुए महिला रिले दौड़ में अपनी टीम को पहला स्थान दिलाकर यूरोपीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीसरा स्वर्ण पदक जीता। ब्रिटेन ने पुरुषों और महिलाओं दोनों की चार गुणा 100 मीटर रिले जीतकर फर्राटा दौड़ में अपना दबदबा बरकरार रखा।

हंट ने इससे पहले 100 और 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीते थे। ब्रिटेन की महिला टीम ने उनकी अगुवाई में चार गुणा 100 मीटर की दौड़ 42.05 सेकंड में पूरी की। ब्रिटेन ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ 38.45 सेकंड में पूरी करके स्वर्ण पदक जीता।

माहुचिख ने लगातार तीसरी बार जीता ऊंची कूद का खिताब

इस बीच यूक्रेन की ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक यारोस्लावा माहुचिख ने 1.97 मीटर की छलांग लगाकर यूरोपीय चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार ऊंची कूद का खिताब जीता। यूक्रेन के लिए यह मौजूदा चैंपियनशिप का पहला स्वर्ण पदक है। आयरलैंड की केट ओकॉनर ने महिला हेप्टाथलॉन में स्वर्ण पदक जीता। स्पेन की मारिया पेरेज़ ने हाफ मैराथन में एक घंटे 30 मिनट छह सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

स्लोवाकिया के लिए रवाना हुई अंडर-20 महिला कुश्ती टीम

रोहतक। स्लोवाकिया के ब्रातिस्लावा में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय महिला कुश्ती टीम पूरी तैयारी और जोश के साथ रवाना हो चुकी है। 16 अगस्त से शुरू हो रही इस महामुकाबले में भारतीय पहलवानों से देश को एक बार फिर स्वर्णिम प्रदर्शन की उम्मीद है। पिछले साल उपविजेता रही भारतीय टीम इस बार खिताब पर कब्जा जमाने के इरादे से मैट पर उतरेगी। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने टीम की रवानगी के अवसर पर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी युवा महिला पहलवानों की इस प्रतिभाशाली टीम पर पूरा भरोसा है। इन खिलाड़ियों ने कड़े अभ्यास और अनुशासन के दम पर विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। स्लोवाकिया के मैट पर उतरकर हर दांवपेंच में देश का मान बढ़ाएं। पूरा 140 करोड़ भारतीयों का देश आपके साथ है। मैदान पर उतरिए, पूरी ताकत से लड़िए और देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचिए।

हॉकी वर्ल्ड कप: इंग्लैंड से आज कांटे की टक्कर, आखिरी बार तीन दशक पहले हराया था

30 साल का इतिहास बदलने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

निचली रैंकिंग वाली वेल्स के खिलाफ पहले मैच में जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम के सामने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में सोमवार को विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के रूप में पूल चरण की सबसे कठिन चुनौती होगी, जिसे विश्व कप में आखिरी बार उसने तीन दशक पहले हराया था।

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने शनिवार को पहले मैच में विश्व रैंकिंग में अपने से छह पायदान नीचे 15वें स्थान पर काबिज वेल्स को 3 -1 से मात दी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल किए जबकि संजय ने भी पहला गोल पेनल्टी कॉर्नर पर दागा।nदूसरी ओर इंग्लैंड ने पाकिस्तान को पूल डी के एक अन्य मैच में 4-1 से मात दी।

हम मैच दर मैच फोकस करेंगे : हरमनप्रीत

प्रो लीग के खराब प्रदर्शन के बारे में पूछने पर कप्तान हरमनप्रीत ने कहा,' खेल में उतार-चढाव आते रहते हैं लेकिन हमारा फोकस अभी विश्व कप पर है। हम बेहतर तैयारी के साथ आये हैं और टीम फॉर्म में है। हम मैच दर मैच फोकस करेंगे और गोल करने के ज्यादा से ज्यादा मौके बनाने पर फोकस होगा।' टूर्नामेंट शुरू होने से पहले मानसिक दृढता के लिए स्विटजरलैंड में तीन दिन के बूट कैम्प के अनुभव का इस्तेमाल भारत को इस मैच में करना पड़ेगा।

सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए मैच अहम

विश्व कप के बदले प्रारुप में हर मैच का परिणाम काफी मायने रखेगा और भारत से इससे अधिक अंतर से जीत की उम्मीद थी। पहले हर पूल की शीर्ष दो-दो टीमें क्वार्टर फाइनल खेलती थी लेकिन इस बार हर पूल से शीर्ष दो टीमें दूसरे दौर का पूल चरण खेलेंगी, जिसमें 8 टीमें होंगी।
इस चरण में दो पूल ई और एफ होंगे, जिसमें चार-चार टीमें रहेंगी लेकिन वे तीन नहीं बल्कि दो-दो मैच खेलेंगी। यानी अगर भारत और इंग्लैंड दोनों अगले दौर में जाते हैं तो उनका एक दूसरे से सामना नहीं होगा और पहले पूल चरण के अंक ही आगे जाएंगे और भारत की सेमीफाइनल संभावनाओं के लिए यह मैच अहम है। पूल ई और एफ की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी।

बांग्लादेश ने किया उलटफेर ऑस्ट्रेलिया को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| डार्विन

बांग्लादेश ने दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन ही 9 विकेट से करारी शिकस्त देकर इतिहास रच दिया। यह उसकी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर पहली और कुल मिलाकर दूसरी जीत है। बांग्लादेश की पहली पारी में महत्वपूर्ण अर्धशतक बनाने वाले मेहदी हसन मिराज ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया और ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में 5 विकेट लेकर उसे 284 रन पर आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया केवल 56 रन की बढ़त ही हासिल कर पाया।

बांग्लादेश के कैमरन ग्रीन ने जड़ा तीसरा टेस्ट शतक

कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने कहा, 'किसी भी प्रारुप में बांग्लादेश की यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। हम भविष्य में कुछ खास करेंगे।' कैमरन ग्रीन ने अपना तीसरा टेस्ट शतक और ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला शतक बनाया। उन्होंने 201 गेंदों में 104 रन बनाए लेकिन इससे ऑस्ट्रेलियाई पारी की हार ही टाल पाया। बांग्लादेश के सामने केवल 57 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। जोश हेज़लवुड ने पहली पारी में शतक लगाने वाले तंजीद हसन को शून्य पर आउट कर दिया, लेकिन शादमान इस्लाम (नाबाद 25) और मोमिनुल हक (नाबाद 30) ने संयम बनाए रखते हुए अपनी टीम को 14.2 ओवरों में लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

फिजी

फिजी से शुरू होकर अमेरिका तक 54 देशों से होकर गुजरी यात्रा

सूर्यपथ तिरंगा अभियान से दुनियाभर में लहराया भारत का राष्ट्रीय ध्वज, दिखी 'वसुधैव कुटुंबकम' की झलक

अमेरिका

- **सैन फ्रांसिस्को, अमेरिका में शनिवार रात 8:30 बजे पूरा हुआ अभियान**
- **80वें स्वतंत्रता दिवस पर सूर्यपथ तिरंगा ग्लोबल रिले का आयोजन हुआ**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तिरंगे ने दुनियाभर में पूरब से पश्चिम की ओर प्रतीकात्मक यात्रा की और फिजी से लेकर सैन फ्रांसिस्को तक दुनियाभर में मौजूद भारतीय मिशनों में इसे बारी-बारी से फहराया गया। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर 'सूर्यपथ तिरंगा' ग्लोबल रिले का आयोजन किया गया। इस पहल के जरिये प्रतीकात्मक रूप से अलग-अलग टाइम जोन में उगते सूरज की यात्रा को दर्शाते हुए महाद्वीपों तक भारत की आजादी, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को पहुंचाया गया। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को घोषणा की कि सूर्यपथ तिरंगा ग्लोबल रिले यात्रा पूरी हो गई है। यह यात्रा फिजी से शुरू होकर पश्चिम में अमेरिका तक 54 देशों और कई टाइम ज़ोन से गुजरी।

इस्लामाबाद

ये है पहला ग्लोबल रिले

सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा भारतीय समयानुसार रात लगभग 8:30 बजे तिरंगा फहराने के साथ यह अभियान समाप्त हुआ। हर घर तिरंगा 2026 के तहत पूरब से पश्चिम की ओर बढ़ते सूरज के साथ, अपनी तरह की इस पहली ग्लोबल रिले के जरिए भारतीय मिशनों ने वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ, हमारी साझा विरासत और हमारे अटूट राष्ट्रीय गौरव का सामूहिक जश्न मनाया। बीजिंग में, भारतीय समुदाय के सदस्यों की मौजूदगी में, बारिश के बावजूद राजदूत विक्रम दोराईस्वामी ने भारतीय दूतावास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रपति के संबोधन के कुछ अंश पढ़कर सुनाए।

राष्ट्र के नाम राष्ट्रपति का संबोधन पढ़कर सुनाया

टोक्यो में, भारतीय राजदूत नगमा मलिक ने दूतावास में तिरंगा फहराया और राष्ट्र के नाम राष्ट्रपति का संबोधन पढ़कर सुनाया। भारत के संस्कृति मंत्रालय ने कहा था कि इस पहल का मकसद स्वतंत्रता दिवस समारोहों में भारतीय मिशनों और दुनियाभर में बसे भारतीय समुदाय की भागीदारी के साथ अलग-अलग टाइम ज़ोन में साझा, लगातार चलने वाले जश्न का अहसास पैदा करना है। यह पहल इस संदेश देती है कि तिरंगा भौगोलिक सीमाओं से परे है।

दुनियाभर में रह रहे भारतीय हुए प्रोत्साहित

यह पहल हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा है और भारतीयों और विदेश में रहने वाले भारतीयों को स्वतंत्रता दिवस मनाते समय राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है। फिजी में भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे (वहां के समय के अनुसार सुबह आठ बजे) शुरू हुई तिरंगे की यह यात्रा भारतीय मिशनों के जरिए पश्चिम की ओर बढ़ी और न्यूज़ीलैंड, आस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव, उज्बेकिस्तान, ओमान, यूएई, कतर, कुवैत और सऊदी अरब में भारतीय स्वतंत्रता का जश्न मनाया गया।

इस्लामाबाद में फहराया गया तिरंगा

इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में भी आजादी का जश्न जोरों शोरों से मनाया गया। बापू की आदमकद मूर्ति पर चार्ज डी अफेयर्स (कार्यवाहक उच्चायुक्त) डॉ. सत्यांजल पांडे ने फूल समर्पित किए और प्रांगण में तिरंगा फहराया। एक्स पर तस्वीरों के साथ उच्चायोग ने बताया कि सत्यांजल पांडे ने भारत की माननीय राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संबोधन पढ़ा. इस शुभ अवसर पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी बधाई दी।

खबर संक्षेप

सेना प्रमुख सेठ काठमांडू पहुंचे, मिलेगा मानद पद

काठमांडु। भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ रविवार शाम नेपाल की राजधानी काठमांडू पहुंचे। वह आज सोमवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल द्वारा आयोजित विशेष समारोह में नेपाली सेना के मानद जनरल की उपाधि प्राप्त करेंगे। यह दौरा नेपाली सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल के निमंत्रण पर हो रहा है। भारत और नेपाल के बीच 1950 से एक-दूसरे के सेना प्रमुखों को मानद जनरल पद देने की ऐतिहासिक परंपरा चली आ रही है। इससे पहले दिसंबर 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जनरल सिग्देल को भारतीय सेना का मानद पद दिया था।

अब पाक को नतीजे भुगतने होंगे: तालिबान

काबुल। अफगानिस्तान के तालिबान शासन के रक्षा मंत्री मुल्ला मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने पाकिस्तान को सख्त चेतावनी दी है। सीमा पर जारी गंभीर तनाव के बीच मुजाहिद ने कहा कि यदि इस्लामाबाद ने अफगानिस्तान की संप्रभुता या क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ कोई भी सैन्य कदम उठाया, तो उसे इसके गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। उन्होंने पाकिस्तान को रेड लाइन की चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि अब बहुत हो चुका।

भारत में 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाए जाएंगे

देश में लड़ाकू-जेट क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम

सहमतिः फाइटर जेट इंजन बनाने के लिए रिलायंस और रोल्स-रॉयस करेंगे साझेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और रोल्स-रॉयस साथ मिलकर भारत में अत्याधुनिक मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) का इंजन तैयार करेंगे। दोनों कंपनियों ने इसके लिए एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की कंपनी और ब्रिटेन की प्रसिद्ध विमान इंजन निर्माता द्वारा देश में स्वदेशी लड़ाकू-जेट प्रणोदन क्षमता विकसित करने का प्रयास है। इस साझेदारी के तहत इंजन के डिजाइन, विकास, निर्माण और आपूर्ति में साथ काम करने का रणनीतिक इरादा जताया गया है। दोनों कंपनियां देश में एक समर्पित एयरोस्पेस गैस टरबाइन परिसर बनाने की संभावना भी तलाशेंगी। इसे पावर और प्रोपल्शन प्रौद्योगिकी के उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है।

प्रस्तावित साझेदारी में रोल्स-रॉयस की विमान इंजन तकनीक और विशेषज्ञता को रिलायंस की तकनीक, विनिर्माण और बड़े पैमाने पर उत्पादन तथा परियोजना को पूरा करने की क्षमता के साथ जोड़ा जाएगा।

हिंदुस्तान की रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

एआई इमेज

इंजन विकसित करने की क्षमता

दोनों कंपनियों का लक्ष्य भारत में ही एएमसीए के लिए इंजन विकसित करने की क्षमता तैयार करना है। यह पहल भारत के रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की कोशिश का हिस्सा है। एएमसीए भारत का स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान कार्यक्रम है। इसके लिए देश में ही इंजन विकसित करना लंबे समय से रक्षा क्षेत्र का लक्ष्य रहा है।

दोनों कंपनियों ने साझेदारी का किया ऐलान

रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी ने कहा कि भारत की रणनीतिक स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण तकनीकों में देश की अपनी क्षमता होना जरूरी है। उनके अनुसार, यह साझेदारी भारत में एयरो-इंजन का मजबूत आधार तैयार करने के लिए रोल्स-रॉयस की विशेषज्ञता को रिलायंस की तकनीक, विनिर्माण, बड़े पैमाने और परियोजना को अमल में लाने की क्षमता से जोड़ेगी। वहीं, रोल्स-रॉयस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तुफान एरगिनबिलगिक ने इसे भारत में मजबूत और आत्मनिर्भर एयरोस्पेस क्षेत्र तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। भारत में बनने वाले 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान यानी एएमसीए के उत्पादन मॉडल को पिछले साल मई में मंजूरी मिली थी, जिस पर काम किया जा रहा है।

अमेरिका से निर्भरता कम करने की रणनीति

अमेरिकी मीडिया आउटलेट ब्लूमबर्ग ने पिछले साल 25 मई को अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि भारत कम से कम तीन अन्य देशों के निर्माताओं के साथ लड़ाकू विमानों के इंजन संयुक्त रूप से बनाने को लेकर बातचीत कर रहा है। ब्लूमबर्ग ने लिखा था, क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच अपनी क्षमताओं की कमियों को दूर करने के लिए भारत अमेरिका से आगे भी अपने रक्षा साझेदारियों का विस्तार कर रहा है। ब्रिटेन, फ्रांस और जापान के इंजनों पर विचार किया जा रहा है और भारत इस परियोजना को जल्द शुरू करना चाहता है। इन प्रस्तावों का मूल्यांकन डीआरडीओ करेगा। अमेरिका के साथ जेट इंजन का संयुक्त निर्माण दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को गहरा करने की व्यापक कोशिश का हिस्सा है। हालांकि, महत्वपूर्ण तकनीकों के लिए अमेरिका से आगे दूसरे देशों की ओर भारत का रुख अमेरिका के साथ संबंधों में तनाव का संकेत नहीं माना जाना चाहिए। बल्कि यह भरोसेमंद सप्लाई चेन सुनिश्चित करने पर भारत के जोर को दर्शाता है।

आगे की भी बड़ी योजना

दोनों कंपनियों ने साफ किया है कि यह साझेदरी सिर्फ सेना के लड़ाकू विमानों तक सीमित नहीं रहेगी। आने वाले समय में इसके जरिए आम यात्री विमान प्लेन और नई विद्युत प्रणाली बनाने के क्षेत्र में भी मिलकर काम किया जाएगा। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि भविष्य में भारत के घरेलू यात्री विमानों को भी देश में बने 'मेड इन इंडिया' इंजनों का विकल्प मिल सकेगा।

तीनों सेनाओं की ताकत बढ़ा रहे स्वदेशी हथियार

भारत रक्षा क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भरता हासिल कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारतीय सेना के तीनों अंगों के लिए अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों का निर्माण देश में ही किया जा रहा है। स्थल सेना की कमान मजबूत करने के लिए अर्जुन एमके-1ए टैंक, अटाग्स 155 एमएम तोप, के-9 वज्र, पिनाका रॉकेट सिस्टम और एके-203 असॉल्ट राइफल का निर्माण हो रहा है। वायुसेना के लिए तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान, प्रचंड हल्का हमलावर हेलीकॉप्टर, अस्त्र बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल, आकाश-एनजी वायु रक्षा प्रणाली और दिव्यास्त्र एमके-3 लोइटरिंग म्यूनिशन तैयार किए जा रहे हैं।

हसीना की पीसी से प्रभावित हुई वार्ता

बांग्लादेशी पीएम ने भारत यात्रा से पहले रखी शर्त,कहा-शेख हसीना का प्रत्यर्पण करे भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री तारिक रहमान की संभावित भारत यात्रा को एक बार फिर शेख हसीना और अन्य फरार अपराधियों के प्रत्यर्पण से जोड़ दिया है। इससे लगता है कि अगले महीने ब्रिक्स सम्मेलन से पहले पीएम रहमान की भारत यात्रा अब शायद ही संभव हो पाएगी।

बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि दोनों देशों के अधिकारी कई हफ्तों से पीएम रहमान की द्विपक्षीय यात्रा की संभावना पर बातचीत कर रहे थे, लेकिन 5 अगस्त को शेख हसीना की खुली प्रेस कांफ्रेंस ने इस प्रक्रिया को बिगाड़ दिया। प्रवक्ता ने कहा, हमने इस मुद्दे पर अपना रुख साफ कर दिया है। यात्रा के लिए अनुकूल माहौल बनाने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से हमने भारतीय अधिकारियों से शेख हसीना और अन्य फरार अपराधियों के प्रत्यर्पण तथा हादी की हत्या के आरोपी हत्यारों को सौंपने का अनुरोध किया है।

हसीना ने पीएम रहमान पर लगाए थे आरोप

इसी बीच 5 अगस्त 2026 को उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि वे दिसंबर 2026 में ढाका लौटेंगी व बांग्लादेश में लोकतंत्र की रक्षा करेंगी। पूर्व पीएम हसीना ने रहमान सरकार व इसके पहले की अस्थाई प्रोफेसर मोहम्मद युनूस की सरकार पर कई आरोप लगाए थे। बांग्लादेश अब कह रहा है कि शेख हसीना के बयानों से यात्रा की प्रक्रिया को प्रभावित किया है। दरअसल, पीएम तारिक रहमान पहले ही चीन की यात्रा कर चुके हैं और वहां कई समझौते भी किए हैं। इनमें से कई समझौते ऐसे हैं जिसको लेकर भारत बहुत खुश नहीं है।

जवाब के इंतजार में बांग्लादेश

बांग्लादेश ने कहा हम जवाब का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि रहमान सरकार 'बांग्लादेश फर्स्ट' नीति के तहत संप्रभुता, समानता, राष्ट्रीय गरिमा, एक-दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने और आपसी लाभ के आधार पर पड़ोसी देशों सहित अन्य देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध आगे बढ़ाएगा।

इंडोनेशिया में 7.7 तीव्रता का आया भूकंप

51 की मौत, 5 हजार लोग बेघर 341 बार लगे भूकंप के झटके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में शनिवार को आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचाई है।

इस आपदा में कम से कम 51 लोगों की जान चली गई, जबकि 113 लोग घायल हुए हैं। मुख्य झटके के बाद 341 से अधिक आफ़्टरशॉक्स दर्ज किए गए। सड़कें टूटने और भूस्खलन के कारण राहत कार्यों में रुकावट आ रही है। आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीएनबीपी) के अनुसार, 5,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

1,300 से अधिक घर हुए क्षतिग्रस्त

1,300 से अधिक घर क्षतिग्रस्त होने के कारण सिक्का क्षेत्र में 3,300 लोगों ने खेल परिसर और तिरपाल के अस्थायी टेंटों में शरण ली है। मौमेरे में अस्पताल की इमारत को खतरा देखते हुए बाहर टेंट लगाकर घायलों का इलाज चल रहा है। 2022 के पश्चिम जावा भूकंप के बाद यह देश की सबसे घातक प्राकृतिक आपदा है। मलबे में दबे लोगों की तलाश और राहत कार्य के लिए 3,500 से अधिक सेना व पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। बिजली सप्लाई ठप होने से 20 पेट्रोल पंप बंद पड़े हैं। प्रांतीय सरकार तेजी से फंड और संसाधन जुटाने के लिए आपातकाल (इमरजेंसी) घोषित करने पर विचार कर रही है।

खनौरी बॉर्डर सील, बातचीत जारी

किसानों का दिल्ली मार्च रोका नेताओं के घरों पर छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खनौरी/जींद

भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध और अन्य कृषि मुद्दों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे किसानों का प्रयास हरियाणा पुलिस ने नाकाम कर दिया। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के प्रतिनिधि जगजीत सिंह डल्लेवाल की अगुवाई में 51 किसानों का जत्था खनौरी के दाता सिंह वाला बॉर्डर की ओर रवाना हुआ था, लेकिन सीमा पर ही उन्हें रोक दिया गया। हरियाणा प्रशासन ने कंक्रीट के बैरिकेड्स, बड़े पत्थरों और लोहे की वेल्डिंग करके बॉर्डर को पूरी तरह सील कर दिया है। किसान नेताओं की पांच सदस्यीय टीम पुलिस अधिकारियों के साथ वार्ता कर रही है। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन लोकतंत्रिक अधिकारों का हनन कर रहा है। ब्लॉक स्तर तक के नेताओं के घरों पर पुलिस की छापेमारी की गई है।

डीआरडीओ की यूएलपीजीएम-वी 3 मिसाइल ने भी साधा अचूक निशाना

पहली सफल उड़ान से डिफेंस सेक्टर में रचा इतिहास

आसमान में भारत का दिव्यास्त्रः 100 प्रतिशत स्वदेशी जेट लोइटरिंग म्यूनिशन ने भरी उड़ान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने रक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बहुत बड़ी छलांग लगाई है। देश के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और आत्मनिर्भर भारत अभियान को उस वक्त अभूतपूर्व मजबूती मिली, जब 11 अगस्त 2026 को कवा यूएवी प्राइवेट लिमिटेड ने 100% स्वदेशी तकनीक से निर्मित अगली पीढ़ी के जेट-संचालित लोइटरिंग म्यूनिशन दिव्यास्त्र एमे 3 की पहली सफल उड़ान पूरी की। इसके साथ ही रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में यूएलपीजीएम-वी3 मिसाइल का सफल परीक्षण कर देश की सैन्य क्षमता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है।

महज एक साल में तैयार दिव्यास्त्र एमके3

सार्वजनिक और निजी रक्षा क्षेत्र की अभूतपूर्व मिसाल

यूएलपीजीएम-वी3 मिसाइल प्रणाली का विकास सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के मजबूत तालमेल को दर्शाता है। डीआरडीओ ने इसके निर्माण हेतु भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) तथा अदानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ साझेदारी की है, जबकि परीक्षण के दौरान इसे बेंगलुरु की न्यूस्पेस रिसर्च द्वारा विकसित यूएवी पर एकीकृत किया गया था। इन अत्याधुनिक स्वदेशी प्रणालियों के सफल आगमन से पड़ोसी देशों चीन और पाकिस्तान की चिंताएं बढ़ना तय है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109